

# दी नेक्सट पोस्ट

साप्ताहिक

7

3 हुक्का बार में 3 नाबालिग से गैंगरेप | 5 महाकुंभ से पांच बड़े एलान | 8 गिल–पंत भी रहे फ्लाप

UPHIN51019 | वर्षः 02, अंकः 31 | पृष्ठ संख्याः 8 | मूल्यः 1.00 रू. | सोमवार 27 जनवरी, 2025


# गोरखपुर में शीतलहर के बाद मौसम ने ली करवट

गोरखपुर। चार दिनों से जारी शीतलहर ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया था। ठंड और कोहरे के कारण लोगों का बाहर निकलना मुश्किल हो गया था। गुरुवार को हल्की धूप निकलने से राहत महसूस हुई। खुशनुमा रही। हल्की धूप और ठंडी हवा ने ठंड के बीच सुकून का अहसास कराया। मौसम विभाग ने बताया कि आज अधिकतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है।

**स्कूलों में फिर लौटी रौनक**

मौसम में सुधार को देखते हुए प्रशासन ने शुक्रवार से सभी स्कूल खोलने का आदेश दिया। बच्चों की चहल–पहल और रौनक से स्कूलों का माहौल फिर से जीवंत हो गया। अभिभावकों ने भी राहत की सांस ली।

**ठंड से बचाव के लिए प्रशासन सतर्क**

प्रशासन ने ठंड से निपटने के लिए अलाव और रैन बसेरों की व्यवस्था जारी रखी है। स्वास्थ्य विभाग ने भी लोगों को सर्दी–जुकाम से बचने के लिए सावधानी बरतने की सलाह दी है।

**लोगों का धूप का इंतजार**




गोरखपुर के लोग सूरज की किरणों का इंतजार कर रहे थे, ताकि दिन में कुछ राहत मिल सके। वहीं, स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि इस कड़ी सर्दी में बुजुर्गों और बच्चों को खास सावधानी बरतने की जरूरत है। इसके अलावा, घने कोहरे की वजह से रेल और सड़क यातायात पर भी असर पड़ सकता है, इसलिए लोग यात्रा करने से पहले मौसम का अपडेट जरूर लें।

**आने वाले दिनों में ठंड कम होने की संभावना**

गोरखपुर के मौसम के इस बदलाव ने हर किसी को सर्दी के थपेड़े महसूस कराए हैं लेकिन आने वाले दिनों में ठंड कम की संभावना जताई जा रही है।






# 73 देशों के राजनयिक संगम में डुबकी लगाएंगे

**संवाददाता, महाकुंभ नगर।** महाकुंभ नगर संपूर्ण विश्व का आध्यात्मिक केंद्र बन गया है। दुनिया के 73 देशों के राजनयिक संगम में डुबकी लगाएंगे। दुश्मन देश रूस और यूक्रेन के राजदूत भी इस ऐतिहासिक महाआयोजन में शामिल होंगे। यह वैश्विक आयोजन गंगा किनारे भिन्न–भिन्न संस्कृतियों और विचार धाराओं के बीच एक अनोखे सामंजस्य का संदेश देगा।

यहां अमेरिका और बांग्लादेश के भी राजनयिक अमृतकाल के गवाह बनेंगे। इस महाआयोजन के जरिए सात समंदर पार तक यूपी का डंका बज रहा है। इसीलिए धरती के कोने–कोने से लोग महाकुंभ देखने के लिए बेकरार हैं।

मुख्य नायक बन गए हैं सीएम योगी

विदेश से यहां आ रहे श्रद्धालुओं के अनुसार धरती के सबसे बड़े सांस्कृतिक समागम के मुख्य आयोजक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस समय दुनिया के सभी शक्तिशाली देशों की दृष्टि में प्रमुख नायक बन गए हैं। मेलाधिकारी विजय किरन आनंद ने बताया कि एक फरवरी को 73 देशों से राजनयिक महाकुंभ का महात्म्य देखने आ रहे हैं।

**संगम स्नान के बाद बड़े हनुमान मंदिर का भी करेंगे दर्शन**

विदेश मंत्रालय ने उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार को इसके लिए पत्र भी लिखा है। पत्र में कहा गया है कि दुनियाभर के राजनयिक महाकुंभ नगर में बड़े हनुमानजी और अक्षयवट के दर्शन करना चाहते हैं। ये सभी विदेशी राजनयिक स्टीमर के जरिए संगम नोज पहुंचेंगे और पवित्र स्नान करेंगे। यहां से वे अक्षयवट और बड़े हनुमान मंदिर का दर्शन करने जाएंगे।

**महाकुंभ की गहराई को समझेंगे विदेशी राजनयिक**

इसके बाद डिजिटल महाकुंभ अनुभूति केंद्र के माध्यम से आधुनिक तकनीक के जरिए महाकुंभ की गहराई को समझेंगे। प्रदर्शनियों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भ्रमण भी करेंगे। जिसमें यूपी स्टेट पवेलियन, अखाड़े, यमुना कॉम्प्लेक्स, अशोक स्तंभ और अन्य स्थलों का अवलोकन करेंगे।

**इन देशों के राजनयिक आ रहे महाकुंभ**

*जापान, अमेरिका, रूस, यूक्रेन, बांग्लादेश, जर्मनी के साथ ही आर्मेनिया स्लोवेनिया, हंगरी, बेलारूस, सेशल्स, मंगोलिया, कजाकिस्तान, आस्ट्रिया, पेरु, ग्वाटेमाला, मैक्सिको, अल्जीरिया, दक्षिण अफ्रीका, अलसल्वाडोर, चेक रिपब्लिक, बुल्गारिया, जार्डन, जमैका, इरिट्रिया, फिनलैंड, ट्यूनीशिया, फ्रांस, एस्टोनिया, ब्राजील, सूरीनाम, जिंबाब्वे, मलेशिया, माल्टा, भूटान, लेसोथो, स्लोवाक, न्यूजीलैंड, कंबोडिया, किरगिज, चिली, साइप्रस, क्यूबा, नेपाल, रोमानिया, वेनेजुएला, अंगोला, गुयाना, फिजी, कोलंबिया, सीरिया, गिनी, म्यांमार, सोमालिया, इटली, बोत्सवाना, परागुआ, आईसलैंड, लातविया, नीदरलैंड, कैमरून, कनाडा, स्विट्जरलैंड, स्वीडन, थाईलैंड, पोलैंड, बोलिविया।*

***दुश्मन देश रूस और यूक्रेन के राजदूत भी इस ऐतिहासिक महाआयोजन में शामिल होंगे। यहां अमेरिका और बांग्लादेश के भी राजनयिक अमृतकाल के गवाह बनेंगे। इस महाआयोजन के जरिए सात समंदर पार तक यूपी का डंका बज रहा है। इसीलिए धरती के कोने–कोने से लोग महाकुंभ देखने के लिए बेकरार हैं।***

**विश्व को आध्यात्मिकता का परिचय दे रहा महाकुंभ**

दुनिया के 73 देशों के प्रतिनिधि भारत की संस्कृति, आध्यात्मिकता और धर्मनिरपेक्षता का अनुभव करेंगे। यह आयोजन विश्व को भारत की समृद्ध परंपराओं और योग, ध्यान तथा आध्यात्मिकता का परिचय देगा। विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय के अधिकारी इस आयोजन को सुचारू बनाने के लिए पूरी तरह से तत्पर हैं।

**विदेशी राजनयिकों के लिए व्यवस्था पूरी**

विदेशी राजनयिकों के लिए बमरौली हवाई अड्डे पर विशेष वीआइपी लाउंज में नाश्ते का प्रबंध किया गया है। इसके साथ ही टूर गाइड की व्यवस्था भी की गई है। गृह मंत्रालय के 140 कर्मचारियों के लिए नावों का विशेष इंतजाम किया गया है। इस महाकुंभ के जरिए भारत ने विश्व को एकता, शांति और सहयोग का संदेश दिया है।

**सात समंदर पार बज रहा यूपी का डंका**

महाकुंभ के दिव्य, भव्य आयोजन को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिस प्रकार से एक विजन के तहत साकार किया है, उसे लेकर वैश्विक स्तर पर चर्चा होने लगी है।

देश ही नहीं विदेश के श्रद्धालुओं का भी यही कहना है कि महाकुंभ के जरिए सीएम योगी ने उत्तर प्रदेश का डंका सात समंदर पार तक बजाया है।

विश्व के हर कोने से लोग इस आयोजन को देखने के लिए प्रयागराज की ओर रुख कर रहे हैं।

# गोरखपुर में 2 भाइयों की न्यूड लाश मिली

## हाथ–पैर बंधे थे, मुंह में कपड़ा ठूंसा था पहले बिजली के पोल में बांधकर पीटा


गोरखपुर। दो ममेरे भाइयों की गला रेतकर हत्या कर दी गई। सरसों के खेत में दोनों की न्यूड बॉडी मिली। उनके हाथ बंधे थे। मुंह में कपड़ा ठूंसा था। गुरुवार शाम से दोनों घर से लापता थे। पुलिस का कहना है कि पहले दोनों को बिजली के पोल में बांधकर पीटा गया। इसके बाद हत्या की गई। घटना सहजनवा इलाके के भक्सा गांव की है। शुक्रवार दोपहर दोनों के शव मिले। शवों के बीच की दूरी 50 मीटर थी। जानकारी मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घटना को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। गांव वालों ने एक घंटे तक पुलिस को बच्चों की लाश पोस्टमॉर्टम के लिए नहीं ले जाने दिया। पुलिस अधिकारियों ने काफी देर तक उन्हें समझाया। तब जाकर वे शांत हुए। उसके बाद पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जा सकी।





# गोरखपुर के हास्टल में 12 साल की छात्रा की मौत

## परिजनों ने स्कूल पर लगाया लापरवाही का आरोप, पुलिस जांच में जुटी

गोरखपुर। गोरखपुर में कक्षा 6 की छात्रा सौम्या की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मामला सहजनवा इलाके के सहबाजगंज में स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय स्कूल का है। इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। छात्रा की मां ने स्कूल प्रशासन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हरदी गांव की रहने वाली 12 साल की सौम्या, स्कूल के हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर रही थी। गुरुवार को उसकी तबीयत खराब हुई थी। मां अनुराधा का आरोप है कि सौम्या को दिन में उल्टी और दस्त की शिकायत हुई थी, लेकिन स्कूल प्रशासन ने न तो उन्हें इसकी जानकारी दी और न ही किसी डॉक्टर को दिखाया।





**ममता कुलकर्णी बनीं संन्यासी किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर बनेंगी**

अधर्म पर धर्म की जीत हो रही हो या फिर अधर्म अपना माया जाल में खुद फंस रही हो सनातन सब सही कर देता है ।



**एल्विश यादव की मुश्किल बढ़ी, कोर्ट ने दिया FIR दर्ज करने का आदेश**

गाजियाबाद में अपर जिला जज जूनियर डिवीजन ने थाना नंदग्राम को आदेश दिया है कि वह एल्विश यादव के खिलाफ मुकदमा दर्ज करें. पीएफए से जुड़े एक व्यक्ति ने कोर्ट में अर्जी लगाई थी की पुलिस को दी शिकायतों पर मुकदमा दर्ज नहीं हुआ है उसके और उसके भाई को खतरा है. सोशल मीडिया पर खुलेआम उनको धमकी दी जा रही है. गौरव गुप्ता के मुताबिक, सौरव को लग रहा था उनकी रेकी की जा रही है. जहा वो रहते है उनकी सोसाइटी में कुछ अनवांटेड लोग घूम रहे हैं. सौरव को यह भी डर था कि सौरव को और उसके भाई गौरव को एल्विश यादव या उसके जानकार किसी झूठे मामले में फंसा सकते हैं।



**मुंबई हमले का दोषी आतंकी तहव्वुर राणा लाया जाएगा भारत, यूएस SC ने दी मंजूरी**

अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने शनिवार को 2008 के मुंबई आतंकवादी हमले के दोषी तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी. भारत लंबे समय से पाकिस्तानी मूल के कनाडाई नागरिक तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण की मांग कर रहा था. तहव्वुर राणा 2008 के मुंबई आतंकवादी हमलों के मामले में वांछित है।




**हिंदू पैदा करें 3 बच्चे, मंदिरों से हटे सरकार का नियंत्रण!- VHP की बैठक में फैसला**

विश्व हिन्दू परिषद के केंद्रीय मार्गदर्शक मंडल की महाकुंभ मेला परिसर में बैठक हुई, जिसमें देश के प्रमुख संत शामिल हुए. बैठक में समाज से जुड़े कई अहम फैसले लिए गए. सबसे अहम फैसला मंदिरों को लेकर लिया गया. बैठक में शामिल प्रमुख संत इस बात पर सहमत हुए कि सभी मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से बाहर करके भक्तों के नियंत्रण में दिया जाना चाहिए. इसके साथ ही हिंदू समाज में कम होती जन्म दर पर भी चिंता जाहिर की गई. बैठक में कहा गया कि हर हिंदू परिवार में कम से कम तीन बच्चे जरूर होने चाहिए।

## सम्पादकीय

# नये सिरे से संविधान की लड़ाई छेड़ती कांग्रेस

***26 व 27 दिसम्बर, 2024 को कर्नाटक के बेलगावी में कांग्रेस द्वारा आयोजित अधिवेशन पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन के कारण पहले दिन के बाद रद्द कर दिया गया था***

26 व 27 दिसम्बर, 2024 को कर्नाटक के बेलगावी में कांग्रेस द्वारा आयोजित अधिवेशन पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन के कारण पहले दिन के बाद रद्द कर दिया गया था। लेकिन मंगलवार 21 जनवरी को कांग्रेस की ओर से उसी स्थल पर महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण कर यह संदेश दिया गया है कि जय बापू जय भीम जय संविधानश का जो नारा पार्टी ने दिया है, उसे वह कतई छोड़ने नहीं जा रही है बल्कि पहले के मुताबिक कहीं अधिक जोर–शोर से वह उठाएगी। यह अधिवेशन वहीं आयोजित किया गया था जहां इन्हीं तारीखों पर महात्मा गांधी ने कांग्रेस की अध्यक्षता की थी और वह उनके जीवन काल का एकमेव अधिवेशन था जिसमें उन्होंने यह महत्वपूर्ण दायित्व सम्हाला था। वह स्थल अब श्सुवर्ण सौधश कहलाता है। उन्हीं क्षणों की याद में ठीक 100 वर्षों के बाद कर्नाटक कांग्रेस ने यह अधिवेशन आयोजित किया था ताकि उस ऐतिहासिक विरासत से सब अवगत हो सकें तथा गांधीवादी मूल्यों के लिये संगठन की लड़ाई को आगे बढ़ाया जा सके।

हाल के वर्षों में भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिस प्रकार से संविधान को कमजोर किया गया है और उसकी ओर से संविधान निर्माता बीआर अंबेडकर को अपमानित करने का काम हो रहा है, उसके खिलाफ कांग्रेस की लड़ाई की शुरुआत बेलगावी से शुरू की गयी । कहा जा सकता है कि वह लड़ाई कांग्रेस न भूली है और न ही वह उसे छोड़ रही है। इसके विपरीत अब यह लड़ाई गांधी के साथ अंबेडकर तथा संविधान को बचाने की ही लड़ाई बन गयी है। इस लड़ाई का एक मोर्चा इसी माह की 27 तारीख को अंबेडकर के जन्म स्थान महू (मध्यप्रदेश) में खोला जायेगा जहां पार्टी एक बड़ा अधिवेशन करने जा रही है। इसमें कांग्रेस के तमाम बड़े नेता शामिल होने जा रहे हैं जहां से श्जय बापू जय भीम जय संविधानश आंदोलन की विधिवत शुरुआत होगी। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल व प्रियंका गांधी के अलावा कांग्रेस कार्यसमिति (वर्किंग कमेटी) के सभी सदस्य, कांग्रेस शासित राज्यों के सारे मुख्यमंत्री तथा पूर्व मुख्यमंत्री आदि इसमें शिरकत करने जा रहे हैं। एक तरह से इसे ही बेलगावी से छेड़े गये अभियान की नयी शुरुआत मानी जा रही है क्योंकि उसके साथ ही कांग्रेस के लोग संविधान बचाने का नारा लेकर देश भर में जायेंगे। देश के सभी जिलों में कांग्रेस कार्यकर्ता प्रभात फेरियां निकालेंगे और संविधान के महत्व से जनता को अवगत करायेंगे।

बेलगावी तथा महू से उठने वाले स्वरों से भाजपा की बदहवासी अभी से दिखने लगी है क्योंकि पार्टी 24 या 25 जनवरी को मध्यप्रदेश में ही सम्मेलन कर कांग्रेस को जवाब देना चाहती है लेकिन अब तक उसकी न तो रूपरेखा बन पाई है और न ही उसका संदेश स्पष्ट हो पाया है। लोकसभा के पिछले सत्र में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा जिस प्रकार से अंबेडकर का अपमान किया गया था, उससे देश भर में शाह के खिलाफ आक्रोश है। याद हो कि राज्य सभा में संविधान पर चर्चा के दौरान अमित शाह ने कहा था कि, श्आजकल अंबेडकर, अंबेडकर, अंबेडकर कहना फैशन हो गया है।श उन्होंने विपक्षी सदस्यों पर तंज कसा था कि श्यदि इतनी बार भगवान का नाम लिया जाये तो सात जन्मों का स्वर्ग मिल सकता है।श इसका कांग्रेस सहित पूरे विपक्ष ने जमकर विरोध किया था तथा शाह से माफी और इस्तीफा देने की मांग की थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भी मांग की गयी थी कि वे शाह को मंत्रिमंडल से तत्काल बर्खास्त करें। इसे लेकर देश भर में कई जगह पर प्रदर्शन हुए थे।

संविधान को बचाने का मुद्दा अब कांग्रेस का प्रमुख मिशन बन चुका है जिसे लेकर वह भाजपा पर हमलावर है। लोकसभा चुनाव के पहले भाजपा का लक्ष्य खुद के बलबूते 370 तथा अपने गठबन्धन (एनडीए) को मिलाकर 400 सीटें पाने का था। भाजपा के कई बड़े नेताओं तथा उम्मीदवारों ने साफ कहा था कि मोदी को इतने सांसद इसलिये चाहिये ताकि संविधान को बदला जा सके। इस मामले ने नतीजों को प्रभावित किया। ऐसा माना जाता है कि संविधान के जरिये लाभान्वित होकर विकास की मुख्य धारा में आने वाले कई वर्गों ने भाजपा विरोधी प्रत्याशियों को वोट नहीं दिया और आज लोकसभा में भाजपा–एनडीए की जो घटी हुई सीटें दिख रही हैं वह सम्भवतरू इसी के कारण है। हालांकि यह भी आरोप है कि यह सदस्य संख्या और भी कम होती, यदि तकरीबन 80 सीटों पर ईवीएम का कथित खेला नहीं होता। मोदी सरकार आज दो क्षेत्रीय पार्टियों (आंध्रप्रदेश की तेलुगु देसम पार्टी तथा बिहार की जनता दल यूनाइटेड) पर टिकी है जो उसके इसी संविधान विरोधी रवैये का परिणाम है।

कांग्रेस जानती है कि मोदी के कमजोर हो जाने के कारण संविधान के बदले जाने का कार्यक्रम केवल कुछ समय के लिये बढ़ा है। उस पर से खतरा पूरी तरह से टला नहीं है। अनेक ऐसे व्यक्तियों या संगठनों से संविधान विरोधी बातें उठती रहती हैं जिनका सम्बन्ध भाजपा, उसकी मातृ संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अथवा किसी अनुषांगिक संगठन से निकलता है। यह इस बात की जरूरत दर्शाता है कि संविधान के समर्थन में एक लम्बी लड़ाई बनती है ताकि देश ने नागरिक अधिकारों के साथ जिन समानता, धर्मनिरपेक्षता, बन्धुत्व, सामाजिक न्याय आदि के मूल्यों को आत्मसात किया है वे पूरी तरह महफूज और अक्षुण्ण बने रहें।

# भारतीय कंपनियां क्यों कर रही हैं ड्यूटी के घंटे बढ़ाने की वकालत

***कॉरपोरेट क्षेत्र काम के घंटों में वृद्धि और उनके श्रम के मूल्य से असंगत कम वेतन देने की वकालत कर रहा है***

व्यापारिक कंपनियां निर्माताओं और खरीदारों के बीच मध्यस्थ के रूप में कार्य करती हैं। वे उत्पादों की सोर्सिंग और वितरण की सुविधा प्रदान करती हैं। वे अक्सर कई कारखानों से प्राप्त विविध उत्पाद सूची बनाये रखते हैं। वर्तमान में, चीनी उत्पादों ने भारतीय बाजार में बाढ़ ला दी है। भारतीय कॉर्पोरेट क्षेत्र बाजार की जरूरतों के अनुरूप अद्वितीय उत्पाद बनाने के लिए इतना उत्सुक नहीं है। कॉरपोरेट क्षेत्र काम के घंटों में वृद्धि और उनके श्रम के मूल्य से असंगत कम वेतन देने की वकालत कर रहा है, जो एक भयावह संदेश देता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था के चरित्र में बदलाव आ रहा है और यह पूंजीवादी औद्योगिक संबंध की रूपरेखा प्राप्त करने के लिए पूर्ण चक्र में आ गया है। भारतीय उद्योगों के कप्तान काम के घंटे बढ़ाकर 70 घंटे, और कुछ तो 90 घंटे तक करने की भी मांग कर रहे हैं। जाहिर है कि औद्योगिक इकाई के विकास के लिए श्रमिक को अपने पारिवारिक जीवन और अवकाश के समय का त्याग करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। यह देखना विडंबना है कि विनिर्माण में लगातार गिरावट आ रही है, प्रति प्रतिष्ठान सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) 2022–23 की तुलना में 2023–24 में 6.7 प्रतिशत कम हो गया है, और इसी अवधि में प्रति श्रमिक जीवीए4.2 प्रतिशत कम हो गया है। असंगठित क्षेत्र के वार्षिक सर्वेक्षण (एएसयूएसई) के एक तथ्य पत्रक के अनुसार, यह संगठनात्मक और व्यक्तिगत दोनों स्तरों पर कम उत्पादकता को दर्शाता है। भारतीय श्रम बाजार की हालत खराब है। यह विशेष रूप से युवा लोगों के बीच उच्च बेरोजगारी की गंभीर चुनौती का सामना कर रहा है। 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों के लिए बेरोजगारी दर 3. 2प्रतिशत है। 15 से 29 वर्ष की आयु के लोगों के लिए बेरोजगारी दर 10. 2प्रतिशत है। शहरी क्षेत्रों में ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में बेरोजगारी दर अधिक है। शहरी क्षेत्रों में महिलाओं की बेरोजगारी दर ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में अधिक है। जबकि पूंजीवादी देशों में आम तौर पर विकासशील देशों की तुलना में काम के घंटे कम होते हैं और हाल के वर्षों में उनमें से कुछ ने काम के घंटों को और भी कम कर दिया है, भारतीय दिग्गज काम के घंटे बढ़ाने के लिए तरस रहे हैं। आय में वृद्धि के साथ विकसित या पूंजीवादी देशों में, श्रमिक अधिक अवकाश समय वहन कर सकते हैं। यह निश्चित रूप से भारत और उसके श्रम बल के मामले में नहीं है। अवकाश समय की अवधारणा एक विकृत विचार है। श्रमिकों को इसकी स्पष्ट समझ नहीं है। क्या इन मालिकों को लगता है कि काम के घंटे बढ़ाकर वे अपने मुनाफे को कई गुना बढ़ा सकते हैं? राष्ट्रीय आय और औसत काम के घंटों के बीच एक संबंध है। कॉर्पोरेट क्षेत्र ने व्यापार के प्रति अपना दृष्टिकोण बदल दिया है। यह विनिर्माण में बहुत अधिक पैसा निवेश करने को तैयार नहीं है। निर्माता तो कच्चे माल को तैयार उत्पादों में बदलने के पक्ष में हैं, तथा पूरे जीवनचक्र को सटीकता के साथ प्रबंधित करते हैं, जबकि व्यापारिक कंपनियां महत्वपूर्ण मध्यस्थ के रूप में कार्य करती हैं, जो निर्माताओं और खरीदारों के बीच संबंधों को सुविधाजनक बनाती हैं। अत्यधिक विकसित राष्ट्र बनने की चाह में, कॉर्पोरेट क्षेत्र ने भी शॉर्टकट चुना है। विनिर्माण में निवेश करने के बजाय, यह व्यापार के माध्यम से लाभ कमाने के लिए प्रयासरत है।

व्यापारिक कंपनियां निर्माताओं और खरीदारों के बीच मध्यस्थ के रूप में कार्य करती हैं। वे उत्पादों की सोर्सिंग और वितरण की सुविधा प्रदान करती हैं। वे अक्सर कई कारखानों से प्राप्त विविध उत्पाद सूची बनाये रखते हैं। वर्तमान में, चीनी उत्पादों ने भारतीय बाजार में बाढ़ ला दी है। भारतीय कॉर्पोरेट क्षेत्र बाजार की जरूरतों के अनुरूप अद्वितीय उत्पाद बनाने के लिए इतना उत्सुक नहीं है क्योंकि इसकी लागत बहुत अधिक है। लेकिन व्यापार के मामले में, लाभ काफी अधिक है और प्राथमिक लाभों में से एक विनिर्माण की तुलना में कम अग्रिम निवेश करना पड़ता है। आज की वैश्विक अर्थव्यवस्था में, सोर्सिंग और खरीद में लगे व्यवसायों के लिए निर्माताओं और व्यापारिक कंपनियों के बीच का अंतर महत्वपूर्ण है।

2019 में, भारत सरकार के राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने श्भारत में समय का उपयोग– 2019श नामक एक रिपोर्ट प्रकाशित की, जिसमें एक चौंकाने वाली वास्तविकता सामने आई – 15–59 वर्ष की आयु के पुरुष शहरी कर्मचारी प्रतिदिन औसतन 521 मिनट या सप्ताह में 60 घंटे और 47 मिनट प्रत्यक्ष रोजगार और संबंधित गतिविधियों पर लगाते हैं। यह कानूनी रूप से निर्धारित 48 घंटे के कार्य सप्ताह के मिथक को ध्वस्त करता है। इसी तरह, इसी आयु वर्ग की ग्रामीण महिलाएं प्रतिदिन औसतन 13 घंटे वेतन और अवैतनिक काम पर बिताती हैं, जो उनके दैनिक जीवन की कठोर वास्तविकता को दर्शाता है।

फिर भी नरेंद्र मोदी की पूंजीवाद समर्थक सरकार ने अपने हितों को बढ़ावा देते हुए रिपोर्ट के निष्कर्षों को दबा दिया, जिसके परिणामस्वरूप इस पर राजनीतिक हलकों में चर्चा और बहस नहीं हो सकी। सबसे कपटी पहलू आईटी और संबंधित क्षेत्रों में वर्क–फ्रॉम–होम व्यवस्था का कार्यान्वयन है, जिसने कार्यदिवस को लगभग 24 घंटे तक बढ़ा दिया है। यह कर्मचारियों को अपने परिवार के सदस्यों के साथ रहने की अनुमति देता है। लेकिन सच तो यह है कि वह अवकाश के विशेषाधिकार का आनंद नहीं ले सकता, क्योंकि उसे 24 घंटे सतर्क रहना पड़ता है। कुछ को छोड़कर जिन्होंने उत्पादन की नयी अवधारणाएंऔर विचार अपनाये हैं, अधिकांश अभी भी उत्पादन की पारंपरिक शैली का पालन करना पसंद करते हैं। वे तकनीकी नवाचार लाने के खिलाफ हैं जो काम को अधिक कुशल और उत्पादक बनाते हैं।

उद्योगपति श्रम शक्ति के उपयोग के दिशा–निर्देशों की अनदेखी करने के लिए बहुत इच्छुक हैं। हालांकि वे विनिर्माण और उत्पादन के पूंजीवादी तरीके का पालन करने का दावा करते हैं, लेकिन उनका रवैया पूरी तरह से सामंती है। यह उल्लेखनीय है कि अंतरगाष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) प्रति सप्ताह 48 घंटे से अधिक काम करने को अत्यधिक मानता है।

ऐसा इसलिए है क्योंकि यह स्वास्थ्य, सुरक्षा, उत्पादकता और कार्य–जीवन संतुलन को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकता है। यहां तक कि श्रम अर्थशास्त्रियों को भी लगता है कि उत्पादन बढ़ाने के लिए काम के घंटे फायदेमंद होते हैं। थके हुए और थके हुए श्रमिक से उत्पादन बढ़ाने की उम्मीद नहीं की जा सकती।

सीपीआई (एमएल) के सांसद राजा राम सिंह ने एक सप्ताह पहले केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मंडाविया को पत्र लिखकर प्रमुख उद्योग नेताओं के हाल के बयानों पर चिंता व्यक्त की, जिसमें काम के घंटों को बढ़ाने की वकालत की गयी है, जिसमें श्रमिकों के लिए कानूनी रूप से अनिवार्य आठ घंटे के कार्यदिवस की सीमा का उल्लंघन करने के प्रस्ताव भी शामिल हैं। श्रम, कपड़ा और कौशल विकास पर स्थायी समिति के सदस्य सिंह ने श्रमिकों के लिए ड्यूटी घंटे और छह–दिवसीय कार्य सप्ताह को नियंत्रित करने वाले कानूनों को सख्ती से लागू करने के लिए कहा है। सिंह ने तर्क दिया कि यह एक तथ्य है कि लंबे कार्य घंटे उत्पादकता बढ़ाने के बजाय उसे कम करते हैं और यह श्रमिक के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है।

# दोषी को सजा और समाज की जिम्मेदारी

*प.बंगाल में आरजी कर अस्पताल में 8–9 अगस्त 2024 की रात ट्रेनी डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या के दोषी संजय रॉय को सोमवार को सियालदह कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। इससे दो दिन पहले अदालत ने 18 जनवरी को संजय को दोषी ठहराया था। अदालत ने इस मामले को जघन्य तो माना, लेकिन दुर्लभतम यानी रेयरेस्ट ऑफ द रेयर नहीं माना, इसलिए दोषी को मृत्युदंड न देकर मरने तक उम्रकैद दी गई है। हालांकि प.बंगाल सरकार ने अब कलकत्ता हाईकोर्ट में उम्रकैद को सही नहीं मानते हुए दोषी को फांसी देने के लिए याचिका दायर की है, जो मंजूर तो कर ली गई है, लेकिन इस पर सुनवाई कब होगी, यह अभी तय नहीं है। वहीं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा– मुझे पूरा विश्वास है कि यह रेयरेस्ट ऑफ रेयर मामला है, जिसके लिए मौत की सजा मिलनी चाहिए।*

*कोर्ट यह कैसे कह सकता है कि यह दुर्लभतम मामला नहीं है? वहीं भाजपा ने भी इस मामले में उम्रकैद मिलने पर अपनी नाराजगी जताई और इसके लिए ममता सरकार को कटघरे में खड़ा किया। जबकि भाजपा यह जानती है कि मामले की पूरी जांच सीबीआई की निगरानी में हुई और उसके द्वारा पेश तथ्यों और सबूतों के आधार पर ही दोषी को सजा दी गई है। अगर भाजपा को आपत्ति दर्ज करनी ही है तो उसे फिर सीबीआई पर भी सवाल उठाने चाहिए। लेकिन ऐसा लगता है कि यहां न्याय से अधिक राजनीतिक लाभ लेने का खेल चल रहा है। वैसे पीड़िता के परिजन भी इस फैसले से निराश हैं और उन्होंने भी बड़ी अदालत में याचिका दायर करने का फैसला किया है।*

*सियालदह अदालत ने दोषी को सजा के साथ–साथ पीड़िता के परिवार को मुआवजा देने का भी आदेश दिया है। अदालत ने डॉक्टर की मौत के लिए 10 लाख और बलात्कार के लिए 7 लाख मुआवजा तय किया। इस दौरान कोर्ट में मौजूद ट्रेनी डॉक्टर के माता–पिता ने हाथ जोड़कर कहा कि हमें मुआवजा नहीं, न्याय चाहिए। इस पर जज ने कहा– मैंने कानून के मुताबिक यह मुआवजा तय किया है। आप इसका इस्तेमाल चाहे जैसे कर सकते हैं। इस रकम को अपनी बेटी के बलात्कार और हत्या के मुआवजे के तौर पर मत देखिए।*

# महाकुंभ में मोनालिसा

महाकुंभ के भव्य आयोजन के लिए करोड़ों–अरबों रूपयों का खर्च, वीआईपी सुविधा का ख्याल, विदेशी आंगतुकों को देखकर उपजा कौतुहल, नामी–गिरामी हस्तियों का महाकुंभ में आना, ऐसी खबरों को देखकर लगता है कि धर्म और आध्यात्म पर आखिर में सांसारिकता ही भारी पड़ रही है। विश्वविख्यात चित्रकार लियोनार्दो द विंसी ने 16वीं सदी में एक तस्वीर बनाई थी, जो मोनालिसा के नाम से पूरी दुनिया में चर्चित हो गई। तस्वीर में चित्रित नारी के चेहरे की रहस्यमयी मुस्कान आज भी लोगों को सम्मोहित करती है। मोनालिसा की पेंटिंग पर जितने शोध हुए, शायद ही किसी अन्य पेंटिंग पर हुए होंगे। इस पेंटिंग में जो नारी दिख रही है, क्या उसका असली नाम मोनालिसा ही है या कुछ और है। क्या वो फ्रांस के किसी व्यापारी की पत्नी है या इटली के किसी प्रांत से आई है, क्या लियोनार्दो ने खुद को ही नारी रूप में चित्रित किया है, ऐसे कई–कई सवाल इस पेंटिंग से जुड़े हैं और किसी का भी सटीक जवाब नहीं मिला। 16वीं सदी से चले आ रहे सवाल 21वीं सदी में भी कायम हैं और अब 21वीं सदी में भारत में एक नयी मोनालिसा चर्चा में आ गई हैं, जिससे कुछ और नए सवाल खड़े हो गए हैं।

प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में धर्म–आध्यात्म से ज्यादा चर्चा चिमटे वाले बाबा, जटाओं वाली सुंदरी साध्वी, आईआईटी बाबा और माला बेचने वाली लड़की मोनालिसा की हो रही है। कत्थई चमकीली आंखों वाली मोनालिसा अपने परिवार के साथ मेले में माला बेचने आई थी, ताकि कुछ अतिरिक्त कमाई हो सके। लेकिन संगम में डुबकी लगाकर इहलोक–परलोक साधने की तमन्ना लिए आए बहुत से श्रद्धालुओं का ध्यान धर्म पर कम और मोनालिसा की आंखों पर अधिक रहा। रही–सही कसर सोशल मीडिया पर अतिसक्रिय जमात ने पूरी कर दी। मोनालिसा के नाम से सोशल मीडिया पर फेक एकाउंट बन गए और उनकी मर्जी लिए बगैर रील पर रील प्रसारित होने लगीं। सोशल मीडिया के जरिए मोनालिसा फिलहाल वायरल हो गई हैं, वायरल यानी मियादी बुखार, जो थोड़े वक्त बाद उतर ही जाएगा। मोनालिसा को इंटरनेट संसेशन इन दिनों कहा जा रहा है। संसेशन यानी सनसनी भी कुछ देर के बाद शांत हो ही जाएगी। वक्त के पन्नों को थोड़ा सा पलटेंगे तो ऐसे कई सनसनी मचाने वाले वीडियो याद आ जाएंगे, कभी व्हाय दिस कोलावेरी डी लोगों की जुबान पर चढ़ता है, कभी ये हमारी कार है, ये हम हैं और ये हमारी पार्टी हो रही है, की धूम मचती है, कभी प्रिया प्रकाश वारियर का वीडियो वायरल होता है, तो कभी यशराज मुखाटे का रसोड़े में कौन था, हिट हो जाता है। लोग भेड़ों में तब्दील हो रहे हैं, क्योंकि जमाना सोशल मीडिया की चाल पर चलने लगा है।

सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर यानी अपनी रील्स या वीडियो से समाज को प्रभावित करने वाले लोग, यूट्यूबर्स, या कलाकार अपनी मर्जी से वीडियो बनाएं, प्रसारित करें, समाज की आलोचना या प्रशंसा का पात्र बनें, यह उनका अधिकार है, लेकिन महाकुंभ में आई एक मासूम लड़की को जिस तरह सोशल मीडिया की गिरफ्त में इस समय जकड़ा गया है, वह वाकई चिंताजनक है। जानकारी के मुताबिक मोनालिसा का परिवार मध्यप्रदेश के महेश्वर इलाके का है और उनकी आर्थिक स्थिति भी कमजोर है। वर्ना महाकुंभ में रहकर मालाएं बेचने के लिए पूरे परिवार को नहीं आना पड़ता। मोनालिसा शायद शिक्षित भी नहीं है और उसकी उम्र 16 बरस के आसपास बताई जा रही है, अगर यह सही है तो मोनालिसा नाबालिग है। ऐसे में उसके वीडियो बनाना और उन्हें वायरल करना कानूनन सही नहीं है। बाल अधिकार संरक्षण आयोग या महिला आयोग को इस मामले में स्वतरू संज्ञान लेकर इस पर आपत्ति दर्ज करनी चाहिए थी, लेकिन ऐसे किसी कदम की जानकारी सामने नहीं आई है। मोनालिसा के अब तक कई वीडियो सामने आए हैं, जिनमें बहुत से लोग उनसे बात करते हुए उसे रिकार्ड कर रहे हैं। कोई उनसे राजस्थान आने कह रहा है, कोई पूछ रहा है कि आप फिल्मों में काम करना चाहती हैं क्या, कोई उनसे अंग्रेजी आती है या नहीं, पढ़ी–लिखी हो या नहीं, ऐसे सवाल कर रहा है। एक वीडियो में तो मोनालिसा एक ब्यूटी पार्लर में मेकअप कराती नजर आ रही हैं और उस पर भी लोग टिप्पणी कर रहे हैं। कोई कह रहा है कि सादगी में ही सुंदरता है, कोई बता रहा है कि मेकओवर अच्छा हुआ है।

एक वीडियो मोनालिसा, उनके बड़े भाई और किसी पार्लर चलाने वाली महिला का है, जो बता रही हैं कि उनका असली इंस्टाग्राम अकाउंट कौन सा है और लोग नकली अकाउंट को फॉलो न करें। इन तमाम वीडियो में मोनालिसा सहजता से बात करती और मुस्कुराती दिख रही हैं, यह बहुत स्वाभाविक भी है, क्योंकि चकाचौंध में निज अधिकारों की बात कई बार हाशिए पर चली जाती है। लेकिन एक वीडियो ऐसा भी सामने आया, जिसमें मोनालिसा के घर वालों को उन्हें शॉल से ढंक कर शिविर के भीतर भेजना पड़ा ताकि लोगों की नजरों और बातों से उन्हें बचा सकें।

इस वीडियो में एक महिला मोनालिसा के पास आने की कोशिश करते लोगों को हटा रही है। बीच में खबर आई कि मोनालिसा को वापस उनके घर भेज दिया गया। हालांकि उनके दादा ने बताया कि अभी वो प्रयागराज में ही हैं। उनके दादा ने इस बात पर चिंता जाहिर की कि इस अप्रत्याशित शोहरत के कारण उनका व्यापार ठप्प हो रहा है। कई लोगों से उधार लेकर इस परिवार ने सामान खरीदा था, ताकि महाकुंभ में बेच कर मुनाफा कमा सकें। मगर मोनालिसा का वायरल होना उन्हें दूसरे तरीके से भारी पड़ रहा है। मोनालिसा और उनका परिवार उनके जीवन में आए इस बदलाव को किस तरह से स्वीकारता है, संभालता है, महाकुंभ खत्म होने के साथ ही मोनालिसा की चर्चा भी क्या खत्म हो जाएगी, क्या कोई निर्माता–निर्देशक मोनालिसा को फिल्मों में काम करने का प्रस्ताव देगा, क्या बिग बॉस निर्माता अपने अगले संस्करण के लिए मोनालिसा के नाम पर विचार कर रहे हैं, ऐसे कई सवालों के जवाब वक्त देगा। लेकिन इनके बीच धर्म और आध्यात्म के झंडाबरदारों को विचार करना चाहिए कि क्या मोनालिसा जैसे प्रसंग महाकुंभ के महात्म्य को कम नहीं करते हैं।

# गोरखपुर विश्वविद्यालय में कई पदों पर निकली बंपर भर्ती

## 28 फरवरी तक कर सकते हैं आवेदन

उत्तर प्रदेश के युवाओं के लिए एक सुनहरा मौका है। यहां गोरखपुर विश्वविद्यालय में 158 शिक्षकों की भर्ती के लिए विज्ञापन जारी 28 फरवरी तक करें आवेदन। स्थायी प्रोफेसर एसोसिएट प्रोफेसर और असिस्टेंट प्रोफेसर के पदों पर होगी नियुक्ति। संविदा पर असिस्टेंट प्रोफेसर निदेशक और विशेषज्ञ के पदों पर भी भर्ती। अश्नलाइन आवेदन करें और शिक्षा के क्षेत्र में अपना करियर बनाएं।

संवाददाता, गोरखपुर। गोरखपुर के दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में कुल 158 पदों पर शिक्षकों की नियुक्ति होगी। इसके लिए विज्ञापन निकल चुका है। इनमें स्थायी प्रोफेसर के 28, एसोसिएट प्रोफेसर के 50 व असिस्टेंट प्रोफेसर के 24 पदों समेत कुल 102 नियुक्तियां होंगी। इसके अलावा स्ववित्तपोषित कार्यक्रमों के लिए संविदा पर असिस्टेंट प्रोफेसर के 56 पदों, इंजीनियरिंग और एग्रीकल्चर संकायों में निदेशक के एक–एक पद, इंजीनियरिंग और एग्रीकल्चर के विभिन्न विषयों के विशेषज्ञ के 27 पदों पर भी नियुक्ति होगी। अभ्यर्थियों को इसके लिए आनलाइन आवेदन करना होगा। आवेदन की अंतिम तिथि 28 फरवरी निर्धारित की गई है।

पिछले कई वर्षों से विश्वविद्यालय प्रशासन शिक्षक भर्ती को लेकर योजना बना रहा था। अब जाकर स्थायी और संविदा शिक्षकों की भर्ती को लेकर विज्ञापन जारी हुआ है। गोवि के कुलसचिव के नाम से आवेदन और प्रमाणपत्रों की हार्डकापी सात मार्च से पहले स्पीड पोस्ट से पहुंचना अनिवार्य है। भर्ती का विस्तृत ब्योरा विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

गोरखपुर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि शिक्षकों की भर्ती होने से विश्वविद्यालय में शिक्षकों की कमी दूर होगी। साथ ही छात्र–शिक्षक अनुपात बेहतर होगा ही शिक्षा और शोध की गुणवत्ता भी बढ़ेगी। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की रैंकिंग में भी इसका लाभ मिलेगा।

### अनुचित साधन के प्रयोग में पकड़े गए 15 नकलची

गोरखपुर विश्वविद्यालय और संबद्ध कालेजों में बुधवार से शुरू हुई बीएड परीक्षा में पहले ही दिन 15 नकचली पकड़े गए। सेंट एंड्रयूज कालेज परीक्षा केंद्र पर पकड़े गए सभी विद्यार्थियों पर अनुचित साधन प्रयोग के तहत कार्रवाई की गई है। जनपद के कुल 12 महाविद्यालयों का परीक्षा केंद्र सेंट एंड्रयूज कालेज को बनाया गया है।

पहले दिन बीएड प्रथम और तृतीय सेमेस्टर की परीक्षाएं थीं। बीएड प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा पहली पाली में सुबह नौ से 12 बजे तक थी। महाविद्यालय के आंतरिक सचल दल के सदस्यों ने प्राचार्य प्रो. सीओ सैमुएल के नेतृत्व में परीक्षा कक्ष में सघन तलाशी अभियान चलाया गया। इस दौरान ही एक दर्जन से अधिक विद्यार्थियों के पास से नकल सामग्री मिली। वहीं विश्वविद्यालय केंद्र पर चल रही बीए–एलएलबी की परीक्षा में बुधवार को एक छात्रा नकल सामग्री के साथ पकड़ी गई।

# हुक्का बार में 3 नाबालिग से गैंगरेप

## सामूहिक दुष्कर्म के आरोपियों पर देह व्यापार का भी केस, एक फोन स्विच आफ




*इस मामले में तीन किशोरियों ने केस दर्ज कराया है। पहला केस रामगढ़ताल इलाके की किशोरी ने दो जनवरी को दर्ज कराया। इसके बाद दस जनवरी को शाहपुर थाने में कैंपियरगंज की किशोरी ने और 13 जनवरी को देवरिया की किशोरी ने केस दर्ज कराया था। दो केस में अनिरुद्ध ओझा, आदित्य मौर्या, निखिल सिंह और प्रियांशु आरोपी हैं, जबकि एक केस में अनिरुद्ध के जीजा का नाम भी है।*

गोरखपुर। शाहपुर के गीता वाटिका स्थित हुक्का बार में किशोरियों से सामूहिक दुष्कर्म के आरोपियों पर मंगलवार को देह व्यापार की धारा भी बढ़ा दी गई। बताया जा रहा है कि दो साल बाद देह व्यापार का केस सामने आया है। ऐसे में अब आरोपियों को जमानत मिलना भी आसान नहीं होगा। इस बीच इस मामले में एक अन्य आरोपी रेशमा खान अब भी फरार है। उसकी लोकेशन प्रयागराज में मिली थी, लेकिन उसके बाद से उसका फोन बंद है। इस मामले में तीन किशोरियों ने केस दर्ज कराया है। पहला केस रामगढ़ताल इलाके की किशोरी ने दो जनवरी को दर्ज कराया। इसके बाद दस जनवरी को शाहपुर थाने में कैंपियरगंज की किशोरी ने और 13 जनवरी को देवरिया की किशोरी ने केस दर्ज कराया था।

दो केस में अनिरुद्ध ओझा, आदित्य मौर्या, निखिल सिंह और प्रियांशु आरोपी हैं, जबकि एक केस में अनिरुद्ध के जीजा का नाम भी है। पुलिस ने 14 जनवरी को सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। मामले की छानबीन में पता चला कि आरोपी हुक्काबार की आड़ में देह व्यापार का धंधा कर रहे थे। पुलिस इस केस में बहुत जल्द चार्जशीट भी लगा सकती है। बिना नक्शा पास कराए बिल्डिंग में चल रहा था होटल व हुक्का बार जीडीए की जांच में पता चला है कि बिना नक्शा पास कराए ही शाहपुर स्थित बिल्डिंग में फ्लाई इन होटल व हुक्का बार संचालित किया जा रहा था। इसके लिए नोटिस भी भेजा है, जवाब एक सप्ताह में मांगा गया है। इसके बाद बिल्डिंग को जीडीए सील कर सकता है।

# महंत राजूदास का फूंका था पुतला

## गोरखपुर में 13 सपाइयों पर केस दर्ज, सार्वजनिक स्थल पर की अश्लीलता



महंत राजू दास पर केस दर्ज किए जाने को लेकर एसएसपी पर ज्ञापन देने पहुंचे सपा के पदाधिकारी

गोरखपुर। कैंट पुलिस ने अविनाश तिवारी जिलाध्यक्ष मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड, महेंद्र यादव पूर्व जिलाध्यक्ष, रोहित सिंह, अरविंद यादव, मोहम्मद अयाज, असीम जमाल, प्रदुमन साहनी, रजनीश यादव, शिवकुमार, सत्यम गोस्वामी, दुर्ग विजय मौर्य, सचिन साहनी, बुद्धि सागर मिश्रा के खिलाफ केस दर्ज किया है। कलक्ट्रेट चौकी प्रभारी रामानुज सिंह यादव ने केस दर्ज कराया है ।शास्त्री चौक पर मंगलवार को अयोध्या के महंत राजू दास का प्रतीकात्मक पुतला जलाकर प्रदर्शन करने वाले 13 सपाइयों पर अश्लीलता फैलाने का केस कैंट थाने में दर्ज किया गया है। आरोप है कि पुतला जलाते समय सार्वजनिक स्थान पर अश्लीलता की गई। इससे राहगीरों ने असहज महसूस किया। साथ ही धारा 163 प्रभावी होने के बाद भी पांच से अधिक व्यक्तियों का जमावड़ा कर चौराहा जाम कर प्रदर्शन किया गया था।

कैंट पुलिस ने अविनाश तिवारी जिलाध्यक्ष मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड, महेंद्र यादव पूर्व जिलाध्यक्ष, रोहित सिंह, अरविंद यादव, मोहम्मद अयाज, असीम जमाल, प्रदुमन साहनी, रजनीश यादव, शिवकुमार, सत्यम गोस्वामी, दुर्ग विजय मौर्य, सचिन साहनी, बुद्धि सागर मिश्रा के खिलाफ केस दर्ज किया है। कलक्ट्रेट चौकी प्रभारी रामानुज सिंह यादव ने केस दर्ज कराया है।

***महंत पर केस दर्ज करने की मांग, एसपी सिटी से मिले सपाई***

दिवंगत मुलायम सिंह यादव पर अपमानजनक टिप्पणी कर द्वेष फैलाने का आरोप लगाते हुए सपाइयों का एक प्रतिनिधिमंडल जिलाध्यक्ष ब्रजेश कुमार गौतम के नेतृत्व में बुधवार को एसपी सिटी अभिनव त्यागी से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने संत राजू दास पर केस दर्ज करने की मांग की है।

प्रतिनिधि मंडल में महानगर अध्यक्ष शब्बीर कुरैशी, पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रहलाद यादव, पूर्व विधायक विजय बहादुर यादव, डॉ. संजय कुमार, रुपावती बेलदार, गवीश दुबे, अखिलेश यादव हीरालाल यादव, धनंजय सिंह सैथवार, विजय यादव, रामहित यादव, राम आशीष, मोहम्मद अली आदि मौजूद रहे।

### जालसाजी

# क्षेत्रीय और शाखा प्रबंधक संग 4 पर धोखाधड़ी का केस

गोरखपुर। चिलुआताल के नकहा नंबर–दो भगवानपुर निवासी रितेश सिंह पुत्र महेंद्र प्रताप सिंह ने थाने में केस नहीं दर्ज होने पर कोर्ट की शरण ली थी। रितेश का आरोप है कि बड़ौदा–यूपी बैंक में उनके दो खातों से 24 अगस्त 2017 की बिना उनकी जानकारी के शाखा प्रबंधक, फील्ड ऑफिसर, एजेंट और क्षेत्रीय प्रबंधक ने मिलकर फर्जी हस्ताक्षर करके 2.99 लाख रुपये निकाल लिए। एक जनवरी अगस्त 2023 में जानकारी हुई तो बैंक जाकर खाते का स्टेटमेंट देखा। खाताधारक की बिना जानकारी के खाते से 2.99 लाख रुपये निकाले जाने के मामले में बड़ौदा यूपी बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक और कैंट थाना क्षेत्र के मंगलम टावर स्थित शाखा के प्रबंधक समेत चार लोगों पर धोखाधड़ी का केस दर्ज किया गया है। सिविल कोर्ट के आदेश पर बुधवार को कैंट पुलिस ने शाखा प्रबंधक सुनील दत्त गौर, फील्ड ऑफिसर चंद्रकांत पांडेय, एजेंट दीपक दलाल और बैंक के रीजनल मैनेजर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

चिलुआताल के नकहा नंबर–दो भगवानपुर निवासी रितेश सिंह पुत्र महेंद्र प्रताप सिंह ने थाने में केस नहीं दर्ज होने पर कोर्ट की शरण ली थी। रितेश का आरोप है कि बड़ौदा–यूपी बैंक में उनके दो खातों से 24 अगस्त 2017 की बिना उनकी जानकारी के शाखा प्रबंधक, फील्ड ऑफिसर, एजेंट और क्षेत्रीय प्रबंधक ने मिलकर फर्जी हस्ताक्षर करके 2.99 लाख रुपये निकाल लिए। एक जनवरी अगस्त 2023 में जानकारी हुई तो बैंक जाकर खाते का स्टेटमेंट देखा। बताया गया कि बैंक से एक गृह ऋण समय से जमा हो रही है। एक किस्त एडवांस में भी जमा है। कैंट थाने में केस दर्ज करने की तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने केस दर्ज नहीं किया। तब उन्होंने सिविल कोर्ट में अपील की, जिस पर कोर्ट ने पुलिस को चारों आरोपियों पर केस दर्ज करने का आदेश दिया।

## गोरखपुर सर्किट हाउस के पास बोर्ड से टकराई गाड़ी, एक घायल

गोरखपुर। हुमायूंपुर में रहने वाले अजय का बेटा प्रेम सुबह नौ बजे चार पहिया वाहन लेकर गंभीरनाथ प्रेक्षागृह की तरफ गया था। जेएसआर बाजार के पीछे वाली सड़क के रास्ते सर्किट हाउस की तरफ आगे बढ़ने पर बोर्ड से गाड़ी टकरा गई। रफ्तार तेज होने की वजह से गाड़ी पलट गई। सर्किट हाउस के पास बुधवार सुबह तेज रफ्तार महिंद्रा एसयूवी गाड़ी दुर्घटना का शिकार हो गई। गोरखनाथ के हुमायूंपुर में रहने वाला युवक अपने पिता के मित्र की गाड़ी चला रहा था। गंभीर स्थिति में परिजन उसे निजी अस्पताल ले गए जहां से लखनऊ रेफर कर दिया गया। हुमायूंपुर में रहने वाले अजय का बेटा प्रेम सुबह नौ बजे चार पहिया वाहन लेकर गंभीरनाथ प्रेक्षागृह की तरफ गया था। जेएसआर बाजार के पीछे वाली सड़क के रास्ते सर्किट हाउस की तरफ आगे बढ़ने पर बोर्ड से गाड़ी टकरा गई। रफ्तार तेज होने की वजह से गाड़ी पलट गई। सीओ कैंट योगेंद्र सिंह ने बताया कि रामगढ़ताल थाना पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहन को कब्जे में ले लिया है।

## हुक्का बार में देह व्यापार

गोरखपुर। गीता वाटिका स्थित जिस फ्लाई इन होटल में देह व्यापार का मामला सामने आया था, उसका नाम फ्लाई इन 2 है। ऐसे में अनुमान लगाया जा रहा था कि शायद फ्लाई इन 1 नाम से भी कोई होटल हो। इसी बीच पुलिस को एम्स इलाके में होटल फ्लाई इन 1 के बारे में जानकारी मिली ।शाहपुर के गीता वाटिका स्थित होटल फ्लाई इन में चल रहे हुक्का बार में सामूहिक दुष्कर्म और देह व्यापार मामले की जांच कर रही पुलिस को एम्स क्षेत्र में एक और होटल के बारे में पता चला है। ऐसा माना जा रहा है कि शायद यह होटल भी देह व्यापार मामले में आरोपी अनुराग सिंह का ही है। हालांकि अभी इसकी पुष्टि होनी बाकी है। गीता वाटिका स्थित जिस फ्लाई इन होटल में देह व्यापार का मामला सामने आया था, उसका नाम फ्लाई इन 2 है।

# चिड़ियाघर में हाथी के लिए बनेगा एक और ठिकाना

गोरखपुर ।शहीद अशफाक उल्ला खां प्राणि उद्यान (चिड़ियाघर) में सवा एकड़ में एक और हाथी रेस्क्यू सेंटर बनेगा। इसके पीछे उद्देश्य यह है कि अगर चिड़ियाघर में हाथियों का कुनबा बढ़ता है तो दिक्कत न हो। राजकीय निर्माण निगम ही इसे बनाएगा। शासन ने हाथी रेस्क्यू सेंटर के लिए करीब 18 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की थी। चिड़ियाघर में हाथी रेस्क्यू सेंटर के प्रथम फेज का काम पूरा होने के बाद वहां गंगा प्रसाद को शिफ्ट कर दिया गया है। जल्द ही वहां एक और हाथी का ठिकाना बनाया जाएगा। इसमें भी पहले की तरह सारी सुविधाएं होंगी। करीब सवा एकड़ में रेस्क्यू सेंटर बनाया जाएगा ।शहीद अशफाक उल्ला खां प्राणि उद्यान (चिड़ियाघर) में सवा एकड़ में एक और हाथी रेस्क्यू सेंटर बनेगा। इसके पीछे उद्देश्य यह है कि अगर चिड़ियाघर में हाथियों का कुनबा बढ़ता है तो दिक्कत न हो। राजकीय निर्माण निगम ही इसे बनाएगा। शासन ने हाथी रेस्क्यू सेंटर के लिए करीब 18 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की थी।

इसमें 12 करोड़ की राशि मिल चुकी है, जिससे एक रेस्क्यू सेंटर बनाया जा चुका है। अब दूसरे रेस्क्यू सेंटर की तैयारी राजकीय निर्माण निगम ने शुरू कर दी है। इस सेंटर में भी विश्राम के लिए दो नाइट सेल कीपर हाउस के साथ बनाया जाएगा। इसके अलावा दो फीडिंग प्लेटफॉर्म, फूड स्टोरेज, स्नान और हाथियों के खेलने के लिए तालाब बनाया जाएगा।

राजकीय निर्माण निगम के जीएम डीबी सिंह ने बताया कि जिस तरह पहला हाथी रेस्क्यू सेंटर बनाया गया है। उसी तर्ज पर दूसरा बनाया जाएगा। इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। इससे पहले जहां पर सेंटर को बनाया जाना है, वहां पर पेड़ हैं, उसे कटवाए जाएंगे। इसके बाद काम शुरू किया जाएगा। सेंटर में हाथी के रहने के लिए सारी सुविधाएं उपलब्ध होंगी।





# गोरखपुर के लोगों के लिए खुशखबरी

## 27.98 लाख की लागत से होगा इस सड़क का निर्माण, अप्रैल तक पूरा हो जाएगा काम

### सर्विस रोड का देवरिया बाईपास रोड तक होगा निर्माण, 27.98 लाख रुपये से बिछेगी इंटरलाकिंग सड़क

,संवाददाता, गोरखपुर। जेमिनी गार्डेनिया के पास इंटरलाकिंग ईंट से सर्विस रोड बनेगी। जल्द इसका निर्माण शुरू होगा। निर्माण पर 27.98 लाख रुपये खर्च होंगे। सड़क बन जाने से जेमिनी गार्डेनिया सीधे देवरिया बाईपास मार्ग से जुड़ जाएगा। इससे नागरिकों को काफी सहूलियत होगी। जेमिनी गार्डेनिया के आसपास सड़क और अन्य स्थानों पर लगातार कब्जा होता जा रहा था। आलम यह था कि सर्विस रोड दिख भी नहीं रही थी।

रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन ने गोरखपुर विकास प्राधिकरण पहुंचकर कब्जा की जानकारी दी और कार्रवाई की मांग की। इसके बाद प्राधिकरण ने कब्जा खत्म कराया। इससे सर्विस लेन अस्तित्व में आ गइ। अब इस पर इंटरलाकिंग बिछाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। निविदा की प्रक्रिया पूरी कर फर्म मेसर्स श्याम एसोसिएट्स को वर्क आर्डर भी जारी कर दिया है।

प्रभारी मुख्य अभियंता किशन सिंह ने बताया कि 27 लाख 97 हजार 807 रुपये से काम होगा। इसमें से 23 लाख 71 हजार 23 रुपये से निर्माण होगा।

#### 24 अप्रैल तक पूरा करना होगा काम

प्राधिकरण के प्रभारी मुख्य अभियंता किशन सिंह ने बताया कि चयनित फर्म को 10 दिन में अनुबंध की प्रक्रिया पूरा कर निर्माण शुरू करना है। 24 अप्रैल के पहले कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्माण जल्द शुरू कराने के लिए अधिशासी अभियंता विवेक शर्मा, सहायक अभियंता ज्योति राय और अवर अभियंता मनीष त्रिपाठी को जिम्मेदारी दी गई है।

#### पेड़ों की कटान खत्म होते बढ़ जाएगी सड़क निर्माण की गति

नागरिकों को जाम की समस्या से राहत दिलाने के लिए चार फाटक से लेकर असुरन चौक तक फोरलेन सड़क का निर्माण जल्द ही शुरू हो जाएगा। इसके लिए पेड़ों की कटाई का काम तेजी से चल रहा है। कौआबाग पुलिस चौकी के आस–पास कटे हुए पेड़ों की जड़ों को खोदकर निकाला जा रहा है।

लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता अरविंद कुमार ने बताया कि परियोजना के तहत ही पेड़ों की कटाई चल रही है।

निर्माण की जद में आने वाले भवनों, बिजली के खंभों और तारों को हटाने के बाद काम को तेज गति से पूरा कराया जाएगा। असुरन से लेकर बीआरडी मेडिकल कालेज होते हुए भटहट तक फोरलेन सड़क बन चुकी है। असुरन चौराहे से लेकार पिपराइच तक भी सड़क का चौड़ीकरण कराया जाएगा।

इस सड़क के बनने से कुशीनगर और देवरिया जनपदों के अलावा बिहार से मेडिकल कालेज आने वाले लोगों को फायदा मिलेगा। महराजगंज जनपद सहित गुलरिहा, पिपराइच, भटहट सहित अन्य स्थानों पर रहने वाले लोग बिना जाम में फंसे टीपी नगर की ओर आ जा सकेंगे। करीब 2600 मीटर सड़क बनाने के लिए कार्यदायी संस्था ने काम शुरू करा दिया है।

सड़क के दोनों ओर रेलवे की जमीनों पर पेड़ों की कटान जारी है।

कटे हुए पेड़ों की जड़ें खोदकर ठीकेदार हटवा रहे हैं। इसके बाद निर्माण की जद में आने भवनों और अन्य निर्माणों को हटाया जाएगा। इसके लिए रेलवे को भुगतान भी किया गया है।

लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों का कहना है कि निर्माण के लिए जगह खाली होते ही काम की रफ्तार गति पकड़ लेगी। जून के पहले तक इसका काम पूरा करा लिया जाएगा।

### निर्माण पर 27.98 लाख रुपये खर्च होंगे।



*गोरखपुर के लोगों के लिए खुशखबरी है! जेमिनी गार्डेनिया के पास 27.98 लाख रुपये की लागत से एक नई सर्विस रोड का निर्माण किया जाएगा। यह सड़क इंटरलॉकिंग ईंटों से बनेगी और अप्रैल तक पूरी हो जाएगी। इससे जेमिनी गार्डेनिया सीधे देवरिया बाईपास मार्ग से जुड़ जाएगा जिससे नागरिकों को काफी सहूलियत होगी। चयनित फर्म को 10 दिन में अनुबंध की प्रक्रिया पूरा कर निर्माण शुरू करना है।*

# जब तक जिंदा रही रोटी नसीब न थी...

## आत्महत्या करने के बाद, बच्चों को छह बीघा जमीन, हर माह मिलेंगे इतने पैसे

एटा। पति की मौत के बाद आठ सदस्यों के परिवार का पालन करना विधवा महिला के लिए चुनौती बन गया। आठ सदस्यों में छह रोटी टुकड़ों में बंटी तो आहत विधवा ने जान दे दी। उसकी मौत के बाद बच्चों की मदद के लिए प्रशासन ने हाथ बढ़ाया है। एटा के शीतलपुर ब्लॉक के गांव नगला पवल में तंगहाली के चलते विधवा ने सोमवार रात आत्महत्या कर ली। मंगलवार को रिश्तेदारों के सहयोग से अंतिम संस्कार किया गया। गरीबी से मौत की सुर्खियां फैलीं तो गरीब की चौखट पर जिम्मेदार पहुंच गए। विधवा के बच्चों को छह बीघा जमीन के साथ हर माह आर्थिक मदद भी अब प्रदान की जाएगी, जिससे उनका भरण पोषण हो सके। गांव निवासी सुमन (35) ने सोमवार रात कीटनाशक खाकर जान दे दी। मजदूरी करने वाले पति ओमकार उर्फ बबलू की 2023 में बीमारी से मौत हो गई। इसके बाद चार बेटी, दो बेटे सहित अपना और बूढ़ी सास रामबेटी के भरण–पोषण का पूरा जिम्मा सुमन के कंधों पर था। जहां–जैसी मजदूरी मिल जाए, सुमन करने पहुंच जाती थी। मजदूरी भी रोज नहीं मिलती थी। अक्सर बच्चे भूखे रहने को मजबूर हो जाते थे। रविवार रात भी ऐसा ही हुआ था। इससे व्यथित होकर सुमन ने जान देने का फैसला कर लिया। सोमवार को कीटनाशक लेकर आई और रात में पी लिया।

पति की मौत के बाद से अपनी मौत तक सुमन एक–एक पैसे की मदद के लिए तरसती रही। मदद तो दूर, विभिन्न सरकारी योजनाओं के जरिए उसे अपना हक तक न मिला। उसकी मौत के बाद मंगलवार रात में ही एसडीएम सदर जगमोहन गुप्ता पहुंचे। पांच हजार रुपये, 10 कंबल दिए। परिजनों के अनुसार उन्होंने सभी बच्चों को सरकारी योजनाओं के माध्यम से चार हजार रुपये महीने दिलाने का आश्वासन भी दिया। वहीं शीतलपुर के प्रभारी बीडीओ प्रभूदयाल भी पहुंच गए। उन्होंने भी आवास, कार्ड, पारिवारिक लाभ योजना आदि दिलाने का आश्वासन दिया। जबकि डीलर ने 30 किलो चावल–गेहूं रखवा दिया। सीडीओ डॉ. नागेंद्र नारायण मिश्र ने बताया कि मामला जानकारी में आने के बाद वृहद स्तर पर जांच कराई गई। परिवार की स्थिति वास्तव में दयनीय है। अब तक उन्हें विभिन्न योजनाओं का लाभ न मिल पाना भी चिंता का विषय है। अब नौ बिंदु तैयार किए गए हैं। इसके तहत परिवार को पीएम आवास, अंत्योदय कार्ड, कौशल विकास मिशन के तहत प्रशिक्षण, मनरेगा जॉब कार्ड, बच्चों की निशुल्क शिक्षा आदि पर कार्य किया जाएगा। अन्य विकल्प भी देखे जा रहे हैं, जिससे परिवार की स्थिति को मजबूत किया जा सके।

# बेटे की सलामती चाहते हो तो दस करोड़ दे दो...

गोरखपुर। गोरखपुर के हिंदी बाजार से सर्राफ के बेटे का अपहरण हो गया। 10 करोड़ की फिरौती मांगी गई। हालांकि पुलिस जांच में मामला संदिग्ध लग रहा है। पुलिस के अभी तक की जांच में सामने आया है कि युवक ने खुद ही अपनी फिरौती के लिए घर पर लेटर भिजवाया था। राजघाट थाने में इस संबंध में गुमशुदगी का केस भी दर्ज है। गोरखपुर के हिंदी बाजार के एक सर्राफ के बेटे का बुधवार सुबह अपहरण हो गया। अपहर्ता ने उसके पिता को पत्र भेजकर 10 करोड़ रुपये की फिरौती मांगी है। ऐसा नहीं करने पर बेटे के टुकड़े करने की धमकी दी है। इसके बाद परिजनों ने राजघाट थाने में पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। हालांकि पुलिस की जांच में मामले को संदिग्ध दिखा है।

हिंदी बाजार में लगभग 25 साल पहले कारीगर जालंधर मुंबइया (सावंत) आए थे। इनकी दुकान चौधरी गली में है और शुरू से ही सोने की गलाई का काम करते हैं। इसी के साथ गहनों का भी काम करते हैं। इनका बेटा रोहित भी इस काम में उनकी मदद करता है। बताया जा रहा है कि बुधवार सुबह करीब ग्यारह बजे रोहित अपने घर से स्कूटी से गोलघर के इंदिरा बाल बिहार के लिए निकला। घंटे भर बाद करीब बारह बजे एक रैपिडो का ड्राइवर रोहित के पिता की दुकान पर आया। उसने पिता को एक बैग दिया, जिसमें एक स्वेटर और लेटर था। लेटर में बेटे रोहित के अपरहण किए जाने का जिक्र था और उसे सही सलामत पाने के लिए 10 करोड़ रुपये फिरौती की मांग की गई थी। पत्र मिलते ही परिजन सन्न रह गए। वे तत्काल राजघाट थाने पहुंले और पुलिस को सारी बात बताई। उन्होंने पत्र भी पुलिस को दे दिया। अपहरण का मामला सामने आने के बाद पुलिस अलर्ट हो गई और छानबीन शुरू कर दी।

#### पहली नजर में ही मामला संदिग्ध, पूछताछ के लिए बुलाए गए

रोहित सावंत के अपहरण की सूचना पर हरकत में आई पुलिस को शुरुआती जांच में ही मामला कुछ संदिग्ध लगा। हालांकि अभी रोहित का पता नहीं लग सका है। इससे पुलिस सभी पहलुओं का खास ध्यान रखकर जांच कर रही है। सूत्रों की मानें तो जिस रैपिडो (बाइक) से रोहित के अपरहण की सूचना आई, उसे पुलिस वालों ने पूछताछ के बुलया था।

# बुलेट से पहुंचा युवक, फिर की ऐसी हरकत चौंक गए पुलिसकर्मी..



*उत्तर प्रदेश के बरेली में एक युवक को मोडिफाइड साइलेंसर लगी बाइक एसएसपी ऑफिस में ले जाना भारी पड़ गया। बाइक के साइलेंसर का तेज धमाका और आवाज की वजह से वहां के सभी फरियादी चौंक गए। इसके बाद युवक की बाइक का 11 हजार का चालान काटा गया। साथ ही मौके पर ही बाइक मैकेनिक को बुलाकर उसका साइलेंसर निकाला गया।*

संवाददाता, बरेली। मोडिफाइड साइलेंसर लगी बाइक लेकर एक युवक एसएसपी कार्यालय पहुंच गया। बाइक के साइलेंसर का तेज धमाका और आवाज की वजह से वहां के सभी फरियादी चौंक गए। इसके बाद युवक की बाइक का 11 हजार का चालान काटा गया। साथ ही मौके पर ही बाइक मैकेनिक को बुलाकर उसका साइलेंसर निकाला गया। इसके बाद खौफ का यह माहौल था कि युवक अपनी बाइक को बिना स्टार्ट किए ही कार्यालय से बाहर ले गया।

बुधवार दोपहर करीब 12 बजे एसएसपी अनुराग आर्य दफ्तर में बैठे लोगों की फरियाद सुन रहे थे। इस दौरान रंजीत सिंह चौहान नाम का एक युवक मोडिफाइड साइलेंसर के साथ बुलेट लेकर कप्तान कार्यालय में आ गया। बाइक की तेज और पटाखे की आवाज से सभी फरियादी और अधिकारी चौंक गए।

#### सब इंस्पेक्टर ने काटा 11 रुपये का चालान

इसके बाद एसएसपी अनुराग आर्य ने तत्काल प्रभाव से एसपी ट्रैफिक अकमल खान से कहा कि जो भी व्यक्ति इस तरह के साइलेंसर की बाइक लेकर घूम रहा है उसका चालान के साथ ही साइलेंसर भी हटना चाहिए। तत्काल प्रभाव से इस पूरे घटनाक्रम के बारे में ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर खिलेंद्र सिंह को बताया गया। उन्होंने एसएसपी कार्यालय आकर बुलेट चालक का 11 हजार रुपये का चालान किया और मौके पर ही मैकेनिक को बुलाकर बाइक का साइलेंसर निकलवाया।

#### एसएसपी अनुराग आर्य ने क्या कहा?

इसके बाद युवक बिना स्टार्ट किए ही बुलेट को कार्यालय से बाहर ले गया। एसएसपी अनुराग आर्य का कहना हैं कि जो भी बाइक या बुलेट मोडिफाइड साइलेंसर लगाकर चलाएगा, उसका इसी तरह से चालान किया जाएगा।

#### बिना हेलमेट निकले 125 बाइक सवारों का चालान

उधर, परिवहन विभाग की ओर से चलाए जा रहे वाहन चेकिंग अभियान में बुधवार को बिना हेलमेट लगाकर निकले 125 वाहन चालकों का चालान किया गया। इसके अलावा प्रदूषण जांच केंद्रों की भी जांच की गई। कमियां मिलने पर तीन जांच केंद्र संचालकों को चेतावनी दी गई, जबकि एक का चालान किया गया। आरटीओ प्रवर्तन दिनेश कुमार के निर्देशन में सुबह सबसे पहले प्रदूषण जांच केंद्रों की जांच की गई। जिले में 44 प्रदूषण जांच केंद्र संचालित किए जा रहे हैं। निरीक्षण के दौरान कमियां मिलने पर तीन केंद्र संचालकों को व्यवस्था सुधारने के लिए कड़ी चेतावनी दी गई। जबकि एक प्रदूषण जांच केंद्र का चालान किया गया।

# ट्रैक के घुमावदार होने और ब्रेक लगाने की दूरी...




मुंबई। विशेष पुलिस महानिरीक्षक दत्तात्रेय कराले ने बताया कि हमने अब तक 13 में से आठ शवों की पहचान कर ली है, जिनमें से दो की पहचान उनके आधार कार्ड से हुई है। सेंट्रल सर्किल के सीआरएस मनोज अरोड़ा ने कहा कि वह दुर्घटना स्थल का दौरा करेंगे। उत्तरी महाराष्ट्र के जलगांव में हुई ट्रेन दुर्घटना में मरने वालों का आंकड़ा बढ़कर 13 हो गया है। गुरुवार सुबह हादसे वाली जगह पटरियों के किनारे एक क्षत विक्षत शव बरामद हुआ। पुलिस ने बताया कि शव का सिर्फ धड़ बरामद हुआ है। मृतकों में चार नेपाली नागरिक भी शामिल हैं। इससे पहले बीते दिन मुंबई जा रही पुष्पक एक्सप्रेस में चेन खींचने की घटना के बाद ट्रेन से उतरे कुछ यात्री पास की पटरी से गुजर रही कर्नाटक एक्सप्रेस की चपेट में आ गए थे। विशेष पुलिस महानिरीक्षक दत्तात्रेय कराले ने बताया कि हमने अब तक 13 में से आठ शवों की पहचान कर ली है, जिनमें से दो की पहचान उनके आधार कार्ड से हुई है।

सेंट्रल सर्किल के रेलवे सुरक्षा आयुक्त (सीआरएस) इस दुर्घटना के कारणों की जांच करेंगे। श्सेंट्रल सर्किलश के सीआरएस मनोज अरोड़ा ने कहा कि वह गुरुवार को दुर्घटना स्थल का दौरा करेंगे। इससे पहले रेलवे अधिकारियों ने बताया कि दोनों ट्रेनों के चालकों ने प्रोटोकॉल का पालन किया और दुर्घटना को टालने की पूरी कोशिश की। मध्य रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जब पुष्पक एक्सप्रेस मुंबई से 400 किलोमीटर से अधिक दूर पचोरा के पास माहेजी और परधाडे स्टेशनों के बीच रुकी तो चालक ने नियम के हिसाब से फ्लैशर लाइट चालू कर दी थी। कर्नाटक एक्सप्रेस के चालक ने पुष्पक एक्सप्रेस की फ्लैशर लाइट सिग्नल देखने के बाद ब्रेक लगा दिए। अधिकारी ने प्रारंभिक जानकारी का हवाला देते हुए कहा कि हालांकि, ट्रैक के घुमावदार होने की वजह से कर्नाटक एक्सप्रेस की दृश्यता प्रभावित हुई। यही कारण है कि ट्रेन की ब्रेक लगाने की दूरी भी प्रभावित हुई।

#### कैसे हुआ हादसा?

अधिकारियों के मुताबिक, रेलवे के मुख्य मार्ग के अंतर्गत आने वाले इस खंड पर ट्रेनें 100 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक की रफ्तार से चलती हैं। उन्होंने बताया कि हादसा बुधवार को तब हुआ, जब पुष्पक एक्सप्रेस में आग की अफवाह के बाद यात्री डर के मारे जल्दबाजी में बगल की पटरियों पर कूद गए। इस दौरान कई बंगलूरू से दिल्ली जा रही कर्नाटक एक्सप्रेस की चपेट में आ गए।

# बरेली नगर निगम बना अखाड़ा!

## किसान संगठनों की अगुवाई में सड़क निर्माण के लिए धरने पर बैठे सैकड़ों ग्रामीण

संवाददाता, बरेली। रामपुर रोड परसाखेड़ा गौटिया में लंबे समय से सड़क निर्माण को लेकर चल रही दो धड़ों की लड़ाई एक बार फिर से नगर निगम के लिए सिरदर्द बन गई। एक धड़े की मांग पर सड़क निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया चल ही रही थी कि अब गांव के दूसरे धड़े ने भारतीय किसान यूनियन (महात्मा टिकैत) की अगुवाई में सैकड़ों महिलाएं, बच्चों व बुजुर्गों के साथ नगर निगम गेट पर आकर धरना दे दिया। नारेबाजी करते हुए गांव के पूर्व पार्षद व कुछ लोगों को फायदा पहुंचाने का आरोप लगाया। ग्रामीणों के समर्थन में भारतीय किसान यूनियन (महात्मा टिकैत) के गुट के ही बदायूं, मुजफ्फरनगर, गाजियाबाद, मेरठ के जिलाध्यक्ष एक सैकड़ा से अधिक कार्यकर्ताओं के साथ पहुंच गए।

नगर निगम मुख्य गेट पर ट्रैक्टर खड़ा आवागमन ठप कर दिया। इस दौरान सपा जिलाध्यक्ष शिवचरण कश्यप भी पार्षद दल नेता गौरव सक्सेना व आधा सैकड़ा से अधिक कार्यकर्ताओं के साथ पहुंच धरने में बैठे किसानों को समर्थन दे दिया।

#### धरने के बाद निगम प्रशासन के हाथ–पांव फूल गए

नगर निगम नई बिल्डिंग में नगर आयुक्त व महापौर कार्यालय के सामने बड़ी संख्या में किसानों के अनिश्चितकालीन धरने पर बैठने से निगम प्रशासन के हाथ पांव फूल गए। सीओ संदीप सिंह, कोतवाल अमित पांडेय बड़ी संख्या में पुलिसबल लेकर पहुंचे और स्थिति पर नजर बनाए रहे।

शहर के वॉर्ड–37 परसाखेड़ा गौटिया व गर्गइया उर्फ गोकिलपुर में नगर निगम सदन ने 2022 में करीब 500 मीटर भूमि अर्जन के लिए प्रस्ताव पास किया। एक वर्ष बीतने के बाद भी भूमि अर्जन की प्रक्रिया शुरू नहीं होने पर 15 दिसंबर 2023 को गांव के ही एक सैकड़ा से अधिक ग्रामीणों ने पूर्व पार्षद सुखदीश कश्यप के अगुवाई में धरना दे दिया।

धरने के खत्म कराने के दौरान नगर निगम के अधिकारी व महापौर ने शीघ्र सड़क निर्माण का आश्वासन दिया था। उक्त मार्ग के लिए नगर निगम की ओर से भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया चल ही रही थी कि अब गांव के दूसरे धड़े ने भी नगर निगम आकर धरना दे दिया। भारतीय किसान यूनियन (महात्मा टिकैत) बरेली के जिलाध्यक्ष दुर्गेश मौर्य की अगुवाई में ग्रामीणों ने नगर निगम द्वारा स्वीकृत मार्ग का विरोध किया।

आरोप लगाते हुए कहा कि नगर निगम जिस नए मार्ग को बनाने जा रहा, उससे ग्रामीणों को कोई फायदा नहीं होगा और मार्ग पर पड़ रहे क्रॉसिंग के चलते रेलवे से एनओसी भी लेनी पड़ेगी। नया रास्ता बनने से पूर्व पार्षद सुखदीप कश्यप व कई अन्य कॉलोनाइजरों को फायदा होगा और वह रास्ता जंगल में बनेगा। इससे महिलाओं को भी आने–जाने में दिक्कत होगी।

साथ ही शंखा नदी के कारण जलभराव की स्थिति भी बनी रहेगी। वहीं, जो पुराना मार्ग है, उसकी लंबाई 280 मीटर है। इसी मार्ग से होकर रेलवे फाटक पर काली (डामर) सड़क भी पड़ी है और सभी गांव को जोड़ रही है। इस मार्ग के लिए एक ही किसान की भूमि जा रही है और वह सहमति से देने के लिए तैयार हैं। जिसे अधिग्रहीत कर मुआवजा देकर मार्ग बनाया जा सकता है।

# मंत्रियों संग मुख्यमंत्री योगी ने संगम में लगाई डुबकी



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक और अन्य कैबिनेट मंत्री प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ के दौरान त्रिवेणी संगम पर पूजा–अर्चना कर रहे हैं।



## पवित्र स्नान के बाद किया पूजन

महाकुंभ नगर ˙ मंत्रिपरिषद की बैठक संपन्न होने के बाद सीएम योगी आदित्यनाथ मंत्रियों के साथ संगम पहुंचे और डुबकी लगाई। उनके साथ डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक के साथ ही मंत्रियों ने भी स्नान किया। सीएम योगी को देखने के लिए संगम पर भारी भीड़ उमड़ी है और जय गंगा मइया का उद्घोष हो रहा है।

मंत्रियों संग मुख्यमंत्री योगी ने संगम में लगाई डुबकी


डिजिटल डेस्क, नई दिल्ली। महाकुंभ नगर में बुधवार को मंत्रिपरिषद की बैठक संपन्न होने के बाद सीएम योगी आदित्यनाथ मंत्रियों के साथ संगम पहुंचे और डुबकी लगाई। उनके साथ डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक के साथ ही मंत्रियों ने भी स्नान किया। सीएम योगी ने स्नान के बाद आरती–पूजन किया। सीएम योगी को देखने के लिए संगम पर भारी भीड़ उमड़ी है और जय गंगा मइया का उद्घोष हो रहा है। सीएम और उनके मंत्रिमंडल के सदस्य बहुत ही प्रसन्न हैं। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस फोर्स तैनात है। ”








“ *यूपी में 7 जिलों को मिलाकर नया धार्मिक सर्किट बनेगा। योगी ने महाकुंभ में मंत्रिपरिषद की बैठक के बाद ऐलान किया। कहा– धार्मिक सर्किट में प्रयागराज, काशी, चंदौली, गाजीपुर, जौनपुर, मिर्जापुर और भदोही जिले शामिल होंगे। बैठक के बाद योगी और 54 मंत्री अरैल घाट से स्टीमर के जरिए संगम के लिए रवाना हुए। रास्ते में साइबेरियन पक्षियों और मछलियों को योगी ने नमकीन खिलाई। इसके बाद संगम में योगी और सभी 54 मंत्रियों ने स्नान किया। इधर, मंत्रिपरिषद बैठक पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने तंज कसा। कहा– कुंभ में मंत्रिपरिषद बैठक करना गलत है। कुंभ वो स्थान नहीं है, जहां पर राजनीतिक कार्यक्रम और फैसले लिए जाएं।* ”









## एक्सप्रेसवे और कई ब्रिजों की सौगात, विकास को मिलेगी रफ्तार

लखनऊ। महाकुंभ में कैबिनेट की बैठक के बाद सीएम योगी ने पांच बड़े एलान किए। उन्होंने गंगा एक्सप्रेसवे और बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे को जोड़ने की बात कही। कई ब्रिजों की सौगात दी। यूपी के प्रयागराज में महाकुंभ में योगी सरकार की कैबिनट बैठक हुई। इस दौरान सीएम ने मंत्रिमंडल के साथ संगम में डुबकी लगाई। इसके बाद संबोधित किया। इस दौरान सीएम ने कैबिनेट बैठक में लिए गए फैसलों की जानकारी साझा की।

सीएम योगी ने कहा कि प्रयागराज, वाराणसी और आगरा हमारे तीन महत्पूर्ण नगर निगम हैं। यहां के लिए बांड जारी करने जा रहे हैं। सरकार चित्रकूट और प्रयागराज को लेकर डेवलप करेगी। इसके लिए गंगा एक्सप्रेसवे को एक्सटेंशन देंगे। इससे पर्यटन और आर्थिक दृष्टि से मजबूती मिलेगी।

**बनेगा फोरलेन ब्रिज**

इसके साथ ही गंगा एक्सप्रेसवे को बुंदेलखंड से जोड़ेंगे। इससे प्रयागराज और चित्रकूट क्षेत्र में विकास को रफ्तार मिलेगी। इसके आलावा प्रयागराज से मिर्जापुर, वाराणसी और जौनपुर को जोड़ने के लिए सरकार झूंसी की तरफ एक फोरलेन ब्रिज बनाएगी।

**यमुना में भी बनेगा ब्रिज**

साथ ही सिग्नेचर ब्रिज के समानानंतर एक और ब्रिज बनाया जाएगा। सीएम ने कहा कि इन सभी इन्फ्रास्ट्रक्चर का लाभ सभी को मिलेगा। साथ ही इससे प्रयागराज क्षेत्र के विकास को रफ्तार मिलेगी।

**प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किए जाएंगे**

सीएम ने कहा कि केजीएमयू केंद्र को मेडिकल कॉलेज के रूप में स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। तीन जिलों हाथरस, कासगंज और बागपत में तीन नए मेडिकल कॉलेज स्थापित किए जाएंगे। 62 आईटीआई, 5 नवाचार, अविष्कार और प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किए जाएंगे।

**नए प्रोत्साहनों की घोषणा**

सीएम योगी ने कहा विशेष कैबिनेट बैठक के बाद कहा कि पूरी कैबिनेट पहली बार महाकुंभ में मौजूद है। राज्य के विकास से जुड़ी नीतियों पर चर्चा हुई। प्रयागराज से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा हुई। उत्तर प्रदेश एयरोस्पेस और रक्षा तथा रोजगार नीति को पांच साल पूरे हो गए हैं। इसे नवीनीकृत किया जाएगा। अधिक निवेश आकर्षित करने के लिए नए प्रोत्साहनों की घोषणा की गई है।






## दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 भाजपा का संकल्प पत्र जारी

दिल्ली । विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने मंगलवार को संकल्प पत्र को जारी किया। भाजपा तीन चरणों में संकल्प पत्र जारी कर रही है। आज दूसरा भाग जारी किया गया है। जिसमें दिल्ली की जनता से कई वादे किए गए हैं। संकल्प पत्र के दूसरे भाग को पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने जारी किया है।

भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि दिल्ली के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए 15,000 रुपये की एकमुश्त वित्तीय सहायता दी जाएगी। दो बार की यात्रा और आवेदन शुल्क की प्रतिपूर्ति भी होगी। यह मोदी की गारंटी है। जब हम विकसित भारत की कल्पना करते हैं, तो विकसित दिल्ली की एक अहम भूमिका है। विकसित दिल्ली संकल्प पत्र 2025 के संबंध में राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने आपके सामने पहले अपनी बात रखी थी, आज उसके दूसरे भाग को लेकर मैं आप सबके सामने आया हूं।

आगे कहा कि हमारी सरकार बनने पर हम स्वास्थ्य, यातायात, बिजली, पानी और परिवहन आदि से जुड़ी समस्याओं का हल करेंगे। दिल्ली वालों को बेहतर आज और बेहतर कल देने का प्रयास करेंगे। भाजपा की जहां भी सरकारें रही, जन–कल्याण उनकी प्राथमिकता और केंद्र बिंदु रहा। केंद्र सरकार में भी हमने राज्यों के सहयोग से नागरिकों की समस्याओं का जहां समाधान किया, वहीं पर उनको सुविधाएं भी दी। पिछले 10 वर्षों में भाजपा सरकार ने दलालों को खत्म कर दिया है। डीबीटी के माध्यम से जन–कल्याणकारी योजनाओं को लागू किया। भ्रष्टाचार के प्रति मोदी सरकार की नीति जीरो टॉलरेंस की है। दिल्ली के सरकारी शिक्षण संस्थानों में दिल्ली के जरूरतमंद छात्रों को केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा उपलब्ध कराई जाएगी।


भाजपा का संकल्प प्त्र पार्ट–2 की घोषणाएं
जरूरतमंद छात्रों को ज्ञ्ळ से च्ळ तक मुफ्त शिक्षा
एससी छात्रों को हर महीने एक हजार रुपये की मदद
ऑटो–टैक्सी वालों के लिए वेलफेयर बोर्ड
युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए 15 हजार रुपये की मदद
दो बार के यात्रा और आवेदन शुल्क की प्रतिपूर्ति का भी वादा

भाजपा का संकल्प प्त्र पार्ट–1 की घोषणाएं

दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने संकल्प पत्र (घोषणा पत्र) जारी किया था। उन्होंने दिल्ली वासियों से वादा कि दिल्ली में जन कल्याण की चल रहीं वर्तमान योजनाएं उनकी सरकार (भाजपा) बनने के बाद भी जारी रहेंगी। योजनाओं से जुड़ी सुविधाओं को मजबूत और उनमें सुधार किया जाएगा। उनको भ्रष्टाचार मुक्त भी किया जाएगा। भाजपा का संकल्प पत्र तीन चरणों में लागू होगा।

भाजपा के पहले संकल्प पत्र की बड़ी घोषणाएं
– महिला समृद्धि योजना के तहत प्रति महीने महिलाओं को 2500 दिए जाएंगे
– गरीब महिलाओं को गैस सिलेंडर में 500 की सब्सिडी दी जाएगी
– गरीब परिवारों को होली और दिवाली पर एक सिलेंडर मुक्त दिया जाएगा
– गर्भवती महिलाओं को 21000 दिए जाएंगे
– 70 साल से अधिक आयु के लोगों को 10 लाख रुपये का बीमा कवर दिया जाएगा
– 60 से 70 साल के लोगों की पेंशन में 500 की बढ़ोतरी की जाएगी।
– 70 साल से अधिक उम्र के लोगों और दिव्यांग व विधवा महिलाओं को 2500 के बजाय 3000 पेंशन दी जाएगी
– दिल्ली में अटल कैंटीन योजना लॉन्च की जाएगी, इसके तहत झुग्गी झोपड़ी इलाके में 5 में भोजन उपलब्ध कराया जाएगा

**आम आदमी पार्टी की बड़ी घोषणाएं–**
– छात्रों को डीटीसी बसों में यात्रा फ्री। केंद्र की मदद से मेट्रो के किराए में 50ः की छूट
– 200 यूनिट मुफ्त बिजली, पानी, महिलाओं को डीटीसी की बसों में मुफ्त यात्रा जारी रहेंगी।
– महिलाओं को 2100 रुपये हर महीने की आर्थिक सहायता।
– बुजुर्गों के लिए पेंशन की व्यवस्था
– पुजारियों–ग्रंथियों को हर महीने 18,000 रुपये की आर्थिक मदद।
– संजीवनी योजना के तहत 60 वर्ष से ऊपर के सभी बुजुर्गों को इलाज की सुविधा।




नई दिल्ली। कैलेंडर के अनुसार 22 जनवरी को भव्य मंदिर में रामलला की प्रतिष्ठा का एक साल पूरा हो गया है। यह एक साल राम मंदिर के साथ रामनगरी को भव्यता के शिखर पर ले जाने वाला रहा है।

देश–विदेश से प्रतिदिन आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में जबरदस्त इजाफा हुआ तो यहां के कारोबार में चार चांद लग गए।

नव्य–भव्य मंदिर में रामलला की प्रतिष्ठा का एक साल पूरा हो गया है। यह एक साल राम मंदिर के साथ रामनगरी को भव्यता के शिखर पर ले जाने वाला रहा है। देश–विदेश से प्रतिदिन आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में जबरदस्त इजाफा हुआ तो यहां के कारोबार में चार चांद लग गए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पांच अगस्त 2020 को राम मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन किया था। इस दिन घोषित तौर पर राम मंदिर के ही लिए भूमि पूजन हुआ था, लेकिन इसी के साथ अघोषित तौर पर रामनगरी को श्रेष्ठतम सांस्कृतिक नगरी का स्वरूप दिए जाने के भी अभियान का आरंभ हो गया था। भूमि पूजन के बाद के चार वर्षों की यात्रा में यदि इस उन्नयन का आधारभूत ढांचा और भवन तैयार हुआ, तो रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद से राम मंदिर के साथ रामनगरी शिखर का स्पर्श कर रही है।

देश–विदेश से आने वाले ये श्रद्धालु रामलला का तो दर्शन कर ही रहे हैं, विभिन्न पर्यटन स्थलों का भी भ्रमण कर उनके सौंदर्य को निहार रहे हैं। बड़ी संख्या में पर्यटकों के आगमन से वीरान पड़े स्थल भी संवर उठे हैं।

बड़े–बड़े समूहों के होटल–रेस्टोरेंट खुल गए हैं, जो प्रतिदिन लाखों का कारोबार कर अर्थव्यवस्था का सुदृढ़ बना रहे और लोगों को आनंद का अवसर प्रदान कर रहे हैं।















## सात सालों में 221 कुख्यात बदमाश किए ढेर...

**उत्तर प्रदेश में योगी सरकार के सात साल के कार्यकाल में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ों में 221 अपराधी ढेर हो चुके हैं। इस वर्ष शामली में हुई मुठभेड़ में बदमाशों के मारे जाने की यह पहली घटना है। शामली में सोमवार देर रात हुई मुठभेड़ में घायल निरीक्षक सुनील की हालत स्थिर बताई जा रही है। इस मुठभेड़ में चार बदमाश मारे गए हैं।**

लखनऊ। पुलिस व बदमाशों के बीच मुठभेड़ का सिलसिला जारी है। बीते सात वर्षों में अब तक प्रदेश में 221 बदमाश ढेर हो चुके हैं। इस वर्ष मुठभेड़ में बदमाशों के मारे जाने की यह पहली घटना है। शामली में सोमवार देर रात हुई मुठभेड़ में घायल निरीक्षक सुनील की हालत स्थिर बताई जा रही है। एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, बदमाशों से मुकाबले के दौरान इंस्पेक्टर सुनील के पेट में तीन गोलियां लगी थीं। गुरुग्राम स्थित मेदांता अस्पताल में उनका लगभग सात घंटे ऑपरेशन चला। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर एसटीएफ नोएडा यूनिट के प्रभारी एएसपी राजकुमार मिश्रा मेदांता अस्पताल पहुंचकर उपचार के सभी प्रबंध देख रहे हैं। सुनील के स्वजन भी पहुंच गए हैं।

**सुनील पीएसी में प्लाटून कमांडर के पद पर भर्ती हुए थे**

सुनील पीएसी में प्लाटून कमांडर के पद पर भर्ती हुए थे और वर्तमान में एसटीएफ की मेरठ इकाई में निरीक्षक के पद पर तैनात हैं। डीजीपी प्रशांत कुमार व एडीजी कानून–व्यवस्था व एसटीएफ अमिताभ यश ने घटना की विस्तृत जानकारी ली है।

**मुरादाबाद में हुई थी मुठभेड़**

इस वर्ष चार जनवरी को एसटीएफ ने मुरादाबाद में बदमाशों से मुकाबला कर जियो फाइबर के मैनेजर अभिनव भारद्वाज को मुक्त कराया था। मुठभेड़ में एक बदमाश की गर्दन में गोली लगी थी। बदमाशों ने हाथरस से मैनेजर को फिरौती वसूलने के लिए अगवा किया था।

# बहन के देवर से ही करूंगी शादी...

## प्रेमी से विवाह करने को वीरू बनी युवती, पानी की टंकी पर चढ़कर जान देने की धमकी

सिलहरी। मूसाझाग थाना क्षेत्र के गांव सराय पिपरिया में मंगलवार को शोले फिल्म का वह दृश्य देखने को मिला, जिसमें वीरू बसंती से शादी करने के लिए पानी की टंकी पर चढ़ गया था, लेकिन यहां युवती ही वीरू बन गई और प्रेमी से शादी न करने पर जान देने की धमकी देने लगी। करीब आधा घंटा तक ड्रामा चला। पुलिस ने जैसे–तैसे उसे नीचे उतारा। इंटरनेट मीडिया पर एक वीडियो भी प्रसारित हो रहा है।

**देवर से चल रहा है युवती का प्रेम प्रसंग**

स्थानीय निवासी 18 वर्षीय युवती का उझानी कोतवाली क्षेत्र के बहन के देवर से प्रेम प्रसंग चल रहा है और वह उसी से शादी करना चाहती है। युवती के मुताबिक अभी दो दिन पहले उसने अपने परिवार वालों से भी कहा था कि वह उसकी शादी बहन के देवर से कर दें लेकिन इसके लिए उसके परिवार वाले तैयार नहीं हुए। उन्होंने शादी करने से इन्कार कर दिया। इससे युवती काफी गुस्से में थी।

**पानी की टंकी पर पहुंची और ऊपर चढ़ गई**

युवती मंगलवार दोपहर गांव की टंकी पर पहुंची और उसके ऊपर चढ़ गई। फिर वहां से कूदकर जान देने की धमकी देने लगी। उसे देखकर गांव के कई लोग आ गए। युवती के परिवार वाले भी वहां पहुंच गए और उसे मनाने का क्रम शुरू हो गया। उसी दौरान गांव के कुछ लोगों ने थाना पुलिस को सूचना दे दी।

युवती को पानी की टंकी से उतारकर लाते ग्रामीण और पुलिसकर्मी।

**इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार पुलिस बल लेकर मौके पर पहुंचे**

इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार पुलिस बल को लेकर वहां पहुंच गए। उन्होंने भी ग्रामीणों के सहयोग से युवती को नीचे उतारने का प्रयास किया। युवती अपने प्रेमी से शादी करने को लेकर अड़ी रही और वहीं से जान देने की धमकी देती रही। करीब आधा घंटा तक ड्रामा चलता रहा।

**गांव के सैकड़ों लोग तमाशबीन बने रहे**

कुछ पुलिस कर्मी ग्रामीणों के साथ युवती को बातों में उलझाकर ऊपर चढ़ गए। वह बमुश्किल उसे नीचे उतारकर लाए। पुलिस ने परिवार वालों के सुपुर्द कर दिया गया। इस दौरान गांव के सैकड़ों लोग तमाशबीन बने रहे।

*एक युवती ने अपने प्रेमी से शादी न होने पर पानी की टंकी से कूदकर जान देने की धमकी दी। करीब आधा घंटा तक चला यह ड्रामा तब खत्म हुआ जब पुलिस ने उसे नीचे उतारा। युवती का कहना है कि वह अपने बहन के देवर से प्यार करती है और उसी से शादी करना चाहती है। लेकिन उसके परिवार वाले इस रिश्ते के लिए तैयार नहीं हैं।*



**ग्रामीण बोले– युवती की उसी युवक से कर दो शादी**

युवती के इस ड्रामा करने के दौरान गांव में चर्चाओं का दौर भी शुरू हो गया। कुछ ग्रामीण बोले जब यह लड़की नहीं मान रही है तो उसी युवक से शादी कर दो। फिर कल के लिए भी कोई बड़ा हंगामा कर सकती है। हालांकि इस पर परिवार वालों ने कहा कि वह सोच विचारकर कदम उठाएंगे।


अलाया ने साझा की अपनी हद से ज्यादा बोल्ड तस्वीरें







# बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप हुए ये स्टारकिड्स

## अथिया शेट्टी से लेकर जैकी भगनानी तक, बाक्स आफिस पर फ्लाप रहीं इन स्टारकिड्स की फिल्में

एंटरटेनमेंट डेस्क। बॉलीवुड में कई स्टारकिड्स ने अपनी फिल्मों के जरिए फैंस के दिलों में जगह बना रखी है। वहीं, कुछ स्टारकिड्स ऐसे भी हैं जो बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप साबित हुए। अजय देवगन की फिल्म आजाद से दो स्टारकिड्स ने डेब्यू किया है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास नहीं कर पाई है। दोनों सितारों की डेब्यू फिल्म फ्लॉप होती नजर आ रही है। आइए आपको बताते हैं उन स्टार किड्स के बारे में जिनकी फिल्म भी बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास नहीं कर सकी।



### अमन देवगन

अमन देवगन की फिल्म श्आजादश बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास नहीं कर सकी। फ्लॉप फिल्म देने के बाद इन दोनों स्टारकिड्स को लेकर बात हो रही है। अजय देवगन अपने भतीजे को स्टार बनाने जा रहे थे, लेकिन कुछ खास नहीं कर सके।

### राशा थडानी

अभिनेत्री राशा थडानी इन दिनों आजाद फिल्म से बड़े पर्दे पर नजर आ रही हैं। राशा थडानी के गाने को फैंस बहुत पसंद कर रहे हैं।

### जैकी भगनानी

कल किसने देखा है फिल्म से डेब्यू करने वाले जैकी भगनानी की बॉलीवुड में कई फिल्में कर चुके हैं। उनकी फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास नहीं कर सकी। जैकी भी एक स्टार किड हैं लेकिन वे भी अपनी फिल्मों के जरिए फैंस के दिलों में जगह नहीं बना सके।

### तुषार कपूर

जितेंद्र और शोभा कपूर के बेटे तुषार कपूर की पहली फिल्म मुझे कुछ कहना है बॉक्स ऑफिस पर हिट रही। हालांकि, इसके बाद तुषार की फिल्में कुछ खास नहीं कर सकीं। तुषार कपूर को मस्तीजादे, क्या कूल हैं हम, गोलमाल अगेन, गोलमाल, डर्टी पिक्चर, वन टू थ्री जैसी कई फिल्मों में देखा गया।

### तनीषा


अभिनेत्री काजोल की बहन तनीषा की फिल्में भी बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास नहीं कर सकी। तनीषा क्रांति, श्श्श्, टैंगो चार्ली जैसी फिल्मों में देखा गया लेकिन उनकी फिल्में फ्लॉप साबित हुईं। तनीषा इसके बाद बिग बॉस के घर में भी पहुंची थीं।

### अथिया शेट्टी

बॉलीवुड सुपरस्टार सुनील शेट्टी की बेटी अथिया शेट्टी ने भी फिल्म श्हीरोश से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। इसके बाद उन्हें मोतीचूर चकनाचूर, मुबारकन, नवाबजादे जैसी फिल्मों में देखा। ये सभी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास नहीं कर सकी थीं।

# फंक्शन से गायब रहा कपूर खानदान

## सैफ अली खान के साले ने रचाई शादी जीजा पर हुए हमले के बीच सामने आई तस्वीरें पत्नी अलेखा आडवाणी संग दिए खूबसूरत पोज



**सैफ अली खान को लेकर इस वक्त हर मिनट अपडेट सामने आ रहे हैं।आज एक्टर हास्पिटल से डिस्चार्ज होने वाले हैं। इस बीच सोशल मीडिया पर उनके साले आदर जैन की शादी की तस्वीरें सामने आई हैं। एक्टर ने अपने प्यार के साथ गुपचुप शादी रचा ली है। हालांकि फोटोज में कहीं भी कपूर फैमिली या सैफ अली खान की तरफ से कोई मेंबर नजर नहीं आ रहा है।**

एंटरटेनमेंट डेस्क, नई दिल्ली। बॉलीवुड में इस वक्त सबसा बड़ा मुद्दा मशहूर अभिनेता सैफ अली खान की सलामती का बना हुआ है। उन पर हुए हमले ने बाकी कलाकारों की सेफ्टी पर चिंता बढ़ा दी है। फिलहाल इसके अलावा खबर आ रही है कि उनके साले आदर जौन की शादी की हो गई है जिसकी तस्वीरें भी सामने आ गई हैं। जी हां, करीना कपूर के कजिन भाई अदार जैन कई सालों की डेटिंग के बाद शादी के बंधन में बंध गए हैं। उनकी शादी की तस्वीरें देखकर हर कोई हैरानी जता रहा है।

### गोवा में आदर ने रचाई शादी

आदर जैन और अलेखा आडवाणी की शादी हाल ही में गोवा में बेहद शानदार तरीके से हुई है। आदर जैन, रिश्ते में अभिनेता सैफ अली खान के साले और करीना कपूर के बुआ के बेटे हैं। वो कई सालों से अपनी लॉन्ग टाइम गर्लफ्रैंड अलेखा आडवाणी को डेट कर रहे थे जिसके बाद दोनों ने फाइनली शादी रचा ली है। कपल के इवेंट से से कई खूबसूरत तस्वीरें सामने आई हैं जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। हालांकि शादी में कपूर खानदान नजर नहीं आया।

आदर ने अपने खास दिन पर ग्रे सूट के साथ व्हाइट शर्ट पहना था और वहीं अलेखा ने एक खूबसूरत व्हाइट गाउन के साथ अपने आउटफिट को पूरा किया। आदर जैन और अलेखा आडवाणी की शादी में परिवार के सदस्य और करीबी दोस्त ही मौजूद थे। खबरें आ रही हैं कि इस शादी में कपूर परिवार से केवल करिश्मा कपूर और नीतू कपूर ही शामिल हुए थे। करीना कपूर, रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और कपूर परिवार के दूसरे सदस्य इस शादी से गायब रहे। हालांकि करीना कपूर और उनके परिवार ने आदर और अलेखा को सोशल मीडिया के जरिए बधाई दी थी।

बता दें कि आदर जैन और अलेखा आडवाणी ने नवंबर 2024 में सगाई की थी। सगाई में कपूर परिवार के लगभग सभी सदस्य मौजूद थे। अलेखा आडवाणी की करीबी दोस्त बॉलीवुड एक्ट्रेस तारा सुतारिया हैं, दोनों को कई बार साथ में स्पॉट किया गया है। खबरे हैं कि तारा भी आदर को डेट कर चुकी हैं।

### सैफ को आज मिल सकती है अस्पताल से छुट्टी

बात करें सैफ अली खान की तो अस्पताल से आई जानकारी के मुताबिक, जल्दी ही उन्हें डिस्चार्ज मिलने वाला है। इसके अलावा हाल ही में करीना कपूर ने एक सोशल मीडिया पोस्ट शेयर किया था जिसमें वो पैपराजी पर उनके परिवार की प्राइवेसी की उल्लंघन करने पर नाराज हुई थीं। एक्ट्रेस ने कहा था, भगवान के लिए हमे अकेला छोड़ दीजिए। हालांकि बाद में उन्होंने ये पोस्ट डिलीट भी कर दिया था।



**विक्की कौशल संग दिखेंगी रश्मिका मंदाना, रश्मिका मंदाना का महारानी लुक आउट**

# १४ फरवरी को रिलीज होगी छावा मूवी

एंटरटेनमेंट डेस्क, नई दिल्ली। पुष्पाराज की श्रीवल्ली अब छावा की महारानी बनने जा रही हैं। साउथ और हिंदी सिनेमा में अपने पैर जमा रहीं उम्दा अदाकारा रश्मिक मंदाना का विक्की कौशल की फिल्म छावा से धांसू लुक रिवील हो गया है। महारानी येसुबाई बनकर रश्मिका छा गई हैं।

लक्ष्मण उतेकर के निर्देशन में बनी फिल्म छावा साल 2025 की मच अवेटेड फिल्म है। विक्की कौशल स्टारर छावा में रश्मिका मंदाना लीड रोल में हैं। वह मूवी में छत्रपति साहू जी महाराज उर्फ छावा की पत्नी महारानी येसुबाई बनी हैं। रश्मिका येसुबाई के किरदार में कैसी लगेंगी, इसकी पहली झलक सामने आ गई है।

**महारानी बनीं रश्मिका मंदाना**

छावा के मेकर्स ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर रश्मिका मंदाना का महारानी किरदार का दो लुक शेयर किया है। पोस्टर देख आप यकीनन रश्मिका को महारानी येसुबाई के किरदार में देख मंत्रमुग्ध हो जाएंगे। वह रॉयल वाइब्स देती दिखीं। एक पोस्टर में उनका खिलखिलाता हुआ चेहरा दिखाई दिया और दूसरे में वह टेंशन में दिख रही हैं। पोस्टर को शेयर करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा, ष्हर शानदार राजा के पीछे एक अद्वितीय शक्ति वाली रानी खड़ी होती है। स्वराज्य का गौरव महारानी येसुबाई के रूप में रश्मिका मंदाना का परिचय दे रहा हूं।





# जहीर की पत्नी सागरिका ललाट से करेंगी कमबैक

## फिल्म का नाम है ललाट

एंटरटेनमेंट डेस्क। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान की पत्नी सागरिका घाटगे जल्द ही फिल्मों में वापसी कर रही हैं, जिसकी जानकारी उन्होंने खुद सोशल मीडिया हैंडल पर जारी की है। फिल्म का नाम है ललाट। अभिनेत्री सागरिका घाटगे ने हाल ही में अपनी नई फिल्म ललाट का ऐलान किया है, जिसके सेट से कई तस्वीरें उन्होंने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों के साथ ही सागरिका ने एक इमोशनल नोट भी लिखा है।

दरअसल, सागरिका ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर आगामी हिंदी फिल्म श्ललाटश से अपना लुक शेयर किया है। तस्वीर में वह एक पारंपरिक परिधान में नजर आ रही हैं। सागरिका की नई फिल्म ललाट की घोषणा के बाद से ही उनके फैंस बेसब्री से फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। फिल्म की कहानी और उनकी भूमिका के बारे में अभी अधिक जानकारी नहीं आई है, लेकिन उनकी पहली झलक ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया है। सागरिका ने इंस्टाग्राम पर अपनी आगामी फिल्म ललाट के सेट से कई तस्वीरें शेयर कीं। सागरिका ने लिखा, हम अपनी नई फिल्म ललाट का लुक जारी कर रहे हैं, तो मुझे घबराहट और उत्साह का अहसास हो रहा है। यह एक चुनौतीपूर्ण लेकिन संतुष्टिदायक सफर रहा है, खासकर कुछ समय तक दूर रहने के बाद, जो मुझे पसंद है। मैं एक ऐसे किरदार के साथ वापस लौटने के लिए बहुत आभारी हूं, जो मेरे द्वारा पहले किए गए किसी भी काम से बहुत अलग है। इस स्क्रिप्ट, इस किरदार ने तुरंत मुझे सिनेमा की उस दुनिया में वापस खींच लिया, जो मुझे पसंद है, जिसे मैंने मिस कर दिया था। हर एक पल बहुत खास था और मुझे उम्मीद है कि मैं आगे बढ़ना जारी रखूंगा और उन कहानियों का हिस्सा बनूंगा जो वास्तव में दिल को छूती हैं। सागरिका ने 2007 में शाहरुख खान की फिल्म चक दे इंडिया से बॉलीवुड में डेब्यू किया था, जिसमें उन्होंने प्रीति सभरवाल की भूमिका निभाई। इस फिल्म में उनके प्रदर्शन को काफी सराहा गया। इस फिल्म की सफलता के बाद, उन्हें कई ब्रांड एंबेसमेंट भी मिले। सागरिका ने 2009 में फॉक्स, 2011 में श्मिले ना मिले हम और 2012 में श्रशश जैसी फिल्मों में अभिनय किया। 2015 में, उन्होंने रियलिटी शो फियर फैक्टरः खतरों के खिलाड़ी 6 में भाग लिया और इस शो की फाइनलिस्ट रहीं। इसके अलावा सागरिका वेब सीरीज बॉसः बाप ऑफ स्पेशल सर्विसेज में भी नजर आईं, जिसमें उन्होंने एसीपी साक्षी रंजन की भूमिका बखूबी निभाई।



## भारतीय टीम की एकतरफा जीत से गदगद हुए कप्तान सूर्यकुमार यादव

**भारत ने 7 विकेट से दर्ज की जीत
अभिषेक शर्मा ने खेली अर्धशतकीय पारी
वरुण चक्रवर्ती ने लिए तीन विकेट**



स्पोर्ट्स डेस्क। पांच मैच की टी20ए सीरीज में भारत ने 1–0 से बढ़त ले ली है। कोलकाता में खेले गए पहले मैच में इंग्लैंड को 7 विकेट से मात दी। मैच के बाद भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने खिलाड़ियों की जमकर तारीफ की। सूर्या ने कहा कि गेंदबाजी में अच्छा काम किया और फिर बल्लेबाजों का प्रदर्शन सोने पर सुहागा जैसा था। सूर्या ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था। अर्शदीप ने पहले दो ओवर में दो विकेट लेकर इसे सही साबित किया। इसके बाद वरुण चक्रवर्ती ने इंग्लैंड के मिडिल ऑर्डर की कमर तोड़कर रख दी। इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 132 रन का स्कोर बनाया, जिसे भारत ने 12.5 ओवर में हासिल कर लिया। अभिषेक शर्मा ने 79 रन की तूफानी पारी खेली।

### सभी ने किया उम्दा प्रदर्शन

सूर्यकुमार यादव ने कहा, टॉस जीतना हमारे लिए अच्छा रहा और फिर गेंदबाजों ने भी अच्छी गेंदबाजी की और अपनी योजना को अमली जाम पहनाया। खिलाड़ी ऊर्जा से भरपूर दिखे और फिर बल्लेबाजों का प्रदर्शन सोने पर सुहागा जैसा था। हार्दिक साउथ अफ्रीका में भी हमारे लिए गेंदबाजी में अच्छा काम कर चुके थे, इसलिए हम एक अतिरिक्त स्पिनर के साथ जा पाए। लड़कों ने अच्छी फील्डिंग की। फील्डिंग कोच ने भी यही चर्चा की थी हमें हाफ चांस को मौके में तब्दील करना है।




## पुलवामा में जन्म, हाइट 6 फीट 4 इंच, जम्मू एंड कश्मीर के अनजान गेंदबाज ने मचाई तबाही, रोहित–रहाणे किसी को भी नहीं बक्शा

स्पोर्ट्स डेस्क। 31 साल की उम्र और 6 फीट 4 इंच का कद, गेंदबाजी और रफ्तार ऐसी अच्छे–अच्छे बल्लेबाज चकमा खा जाए। ये और कोई नहीं जम्मू एंड कश्मीर के सनसनी गेंदबाज उमर नजीर मीर हैं, जिनका नाम तो वैसे कम ही सुना गया है, लेकिन आज इन्होंने जो प्रदर्शन किया है, उससे इनका नाम अब भूला नहीं जाएगा। उमर नजीर मीर ने मुंबई के खिलाफ घातक गेंदबाजी करते हुए रोहित शर्मा से लेकर कप्तान अंजिक्य रहाणे, किसी को नहीं बक्शा। उनके प्रदर्शन को देख हर कोई उनकी खूब तारीफ कर रहा है।

### कौन हैं उमर नजीर मीर ?

दरअसल, उमर नजीर मीर जम्मू एंड कश्मीर के पेसर हैं, जिनका जन्म 3 नवंबर 1993 को पुलवामा में हुआ था। 6 फीट चार इंच की लंबाई के साथ, वह घरेलू क्षेत्र में देश के सबसे लंबे तेज गेंदबाजों में से एक हैं।

एक साधारण फैमिली से आने वाले, उमर एक तेज गेंदबाज हैं जो गेंद को दोनों तरफ स्विंग करने के लिए जाने जाते हैं।

2017 में सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में उमर ने अपनी आक्रामक गति और स्विंग मूवमेंट से कुछ मजबूत टीमों को खूब परेशान किया था। उमर को 15 की औसत से पांच मैचों में 9 विकेट लेने के बाद नॉर्थ जोन की टीम से बुलावा आया था।

यह भी पढ़ेंरू त्वीपजँ ितउं रणजी ट्रॉफी में 10 साल बाद वापसी पर फेल, बल्ले से निकले केवल 3 रनय यशस्वी का भी बेड़ा गर्क

23 साल के उमर ने इसके बाद लगातार सफलताएं हासिल की। फिर 2018 में देवधर ट्रॉफी में उन्हें शामिल किया गया।

रणजी ट्रॉफी 2025 में जम्मू एंड कश्मीर के बॉलर उमर नजीर मीर ने मुंबई की टीम को खूब परेशान किया। उन्होंने सबसे पहले कप्तान रोहित शर्मा को पी डोगरा के हाथों चलते किया। रोहित 3 रन बनाकर चलते बने। इसके बाद उन्होंने हार्दिक तामोर को 7 रन के निजी स्कोर और कप्तान अंजिक्य रहाणे को 12 रन के निजी स्कोर पर चलता किया। उमर नजीर मिर ने श्रेयस अय्यर को युधवीर सिंह द्वारा कैच आउट कराया। उन्होंने शिवम दुबे को शून्य पर चलता किया। उमीर ने खबर लिखे जाने तक 8 ओवर के अपने कोटे में 4 विकेट ले लिए हैं।

*रणजी ट्रॉफी 2025 में जम्मू एंड कश्मीर के बॉलर उमर नजीर मीर ने मुंबई की टीम को खूब परेशान किया। उन्होंने सबसे पहले कप्तान रोहित शर्मा को पी डोगरा के हाथों चलते किया। रोहित 3 रन बनाकर चलते बने। इसके बाद उन्होंने हार्दिक तामोर और कप्तान अंजिक्य रहाणे को उन्होंने अपना शिकार बनाया। इनके अलावा उमर ने श्रेयस अय्यर और शिवम दुबे को भी आउट किया।*

*जम्मू एंड कश्मीर के सनसनी गेंदबाज उमर नजीर मीर हैं, जिनका नाम तो वैसे कम ही सुना गया है, लेकिन आज इन्होंने जो प्रदर्शन किया है, उससे इनका नाम अब भूला नहीं जाएगा। उमर नजीर मीर ने मुंबई के खिलाफ घातक गेंदबाजी करते हुए रोहित शर्मा से लेकर कप्तान अंजिक्य रहाणे, किसी को नहीं बक्शा।*

## हमारा पाला बेहद आक्रामक टीम से पड़ा

**जोस बटलर को हार का मलाल, इस खिलाड़ी को बताया सुपरस्टार**



**अभिषेक शर्मा ने खेली 79 रन की पारी
वरुण चक्रवर्ती ने लिए तीन विकेट**

स्पोर्ट्स डेस्क, नई दिल्ली। भारत के खिलाफ पहले टी20ए मैच में 7 विकेट से करारी शिकस्त झेलने के बाद इंग्लिश कप्तान निराश दिखे। जोस बटलर ने कहा कि टीम आक्रामक होकर नहीं खेल पाई। इतना ही नहीं जोस बटलर ने भारतीय टीम की तारीफ करते हुए कहा कि हमारा पाला बेहद आक्रामक टीम से पड़ा। बटलर ने जोफ्रा आर्चर और मार्क वुड के गुनगाए।

कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेले गए पांच टी20ए मैच की सीरीज के पहले मुकाबले में भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। इंग्लैंड जोस बटलर के 68 रनों की मदद से 132 रन का स्कोर बनाया। भारत की तरफ से वरुण चक्रवर्ती ने तीन विकेट चटकाए। इसके जवाब में भारतीय टीम ने 12.5 ओवर में एकतरफा जीत दर्ज की। अभिषेक शर्मा ने 79 रन की पारी खेली। जोफ्रा आर्चर ने दो विकेट लिए।

### विकेट में थी थोड़ी बहुत हलचल

मैच के बाद जोस बटलर ने कहा, शुरुआत में विकेट में थोड़ी बहुत हलचल थी, शायद इसकी उम्मीद नहीं थी। यह वास्तव में एक अच्छा विकेट लग रहा था, उन्हें थोड़ी बहुत हरकत मिली और हमने जल्दी ही कुछ विकेट खो दिए। यहां तेजी से रन बनाए जाए जा सकते थे। हम अपने प्लान को लागू करना चाहते थे जो हम खेलना चाहते थे, लेकिन अच्छी गेंदबाजी के आगे हम यह नहीं कर सके। हम अगले मैच का इंतजार कर रहे।

### जोफ्रा आर्चर को बताया सुपरस्टार

बटलर ने आगे कहा, वह (जोफ्रा आर्चर) हमेशा अच्छी गेंदबाजी करता है, वह एक सुपरस्टार है, वह खतरनाक लग रहा था। मुझे लगा कि वह कुछ और विकेट ले सकता था। मार्क वुड भी तेज गेंदबाजी कर रहे थे। उन दोनों को एक साथ खेलते देखना रोमांचक है। हम आक्रामक होना चाहते हैं, लेकिन हम एक ऐसी टीम के खिलाफ हैं जो बेहद आक्रामक है। आपको परिस्थितियों का आकलन करना होगा और अच्छा खेलना होगा। मैं वास्तव में माहौल का आनंद ले रहा हूं।

---

**स्पोर्ट्स डेस्क।** साल 2015 के बाद रोहित पहली बार कोई रणजी मैच खेलने उतरे, लेकिन फ्लॉप रहे। अब उनसे दूसरी पारी में रन की उम्मीद होगी। वहीं, शुभमन गिल, ऋषभ पंत और यशस्वी जायसवाल का भी बुरा हाल रहा। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा फिलहाल फॉर्म की तलाश कर रहे हैं। इसके लिए उन्होंने रणजी ट्रॉफी में मुंबई के लिए खेलने का फैसला लिया था। हालांकि, करीब 10 साल बाद रणजी में वापसी पर भी वह फेल रहे। करीब एक दशक बाद रणजी ट्रॉफी मैच खेलने उतरे रोहित जम्मू–कश्मीर के खिलाफ मुंबई के मैच में पहली पारी में सिर्फ तीन रन बनाकर आउट हुए। उन्हें उमर नजीर ने डोगरा के हाथों कैच कराया। रोहित 19 गेंद खेल सके। सिर्फ रोहित ही नहीं, बल्कि यशस्वी जायसवाल, श्रेयस अय्यर और मुंबई के कप्तान अजिंक्य रहाणे का बल्ला भी खामोश रहा। दूसरी तरफ पंजाब और कर्नाटक के मुकाबले में शुभमन गिल और दिल्ली–सौराष्ट्र के मुकाबले में ऋषभ पंत भी फ्लॉप साबित हुए।






### 2015 के बाद पहली बार रणजी मैच खेल रहे रोहित

*न्यूजीलैंड के खिलाफ घर में तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में रोहित का बल्ला खामोश रहा था और वह छह पारियों में महज 93 रन बना सके थे। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया दौरे पर वह पांच पारियों में महज 31 रन बना सके थे। ऐसे में रोहित ने चौंपियंस ट्रॉफी से पहले फॉर्म में वापसी के लिए रणजी में खेलने का फैसला लिया। नवंबर 2015 के बाद वह पहली बार कोई रणजी मैच खेलने उतरे, लेकिन यहां पर भी फ्लॉप रहे। अब उनसे दूसरी पारी में रन की उम्मीद होगी। खबर लिखे जाने तक मुंबई ने जम्मू कश्मीर के खिलाफ टॉस जीतकर पहले बल्लबाजी करते हुए सात विकेट गंवाकर 60 रन बना लिए थे।*

### यशस्वी का बल्ला भी रहा खामोश

रोहित के अलावा टेस्ट में साथी ओपनर यशस्वी जायसवाल भी फ्लॉप साबित हुए। यशस्वी आठ गेंद में एक चौके की मदद से चार रन बनाकर आउट हुए। उन्हें आकिब नबी ने एल्बीडब्ल्यू आउट किया। वहीं, रहाणे 17 गेंद में दो चौके की मदद से 12 रन बनाकर पवेलियन लौटे। उन्हें उमर नजीर ने क्लीन बोल्ड किया। श्रेयस अय्यर सात गेंद में एक चौका और एक छक्के की मदद से 11 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें युद्धवीर सिंह ने उमर के हाथों कैच कराया। वहीं, शिवम दुबे खाता नहीं खोल सके। रोहित, यशस्वी और श्रेयस के फ्लॉप होने ने टीम इंडिया की चिंताएं बढ़ा दी हैं। ये तीनों चौंपियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम का हिस्सा हैं। भारत को चौंपियंस ट्ऱॉफी से पहले इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज भी खेलनी है। रोहित उस सीरीज में भी कमान संभालेंगे। हालांकि, भारत के अभियान के लिए रोहित का बल्ला चलना बेहद जरूरी है। अगर वह रन बनाते हैं तो भारत को अच्छी शुरुआत मिलेगी।

### रोहित के रणजी खेलने से खुश हैं गावस्कर

पूर्व भारतीय कप्तान सुनील गावस्कर यह जानकर बहुत खुश थे कि रोहित रणजी ट्रााफी में वापसी खेल रहे हैं। उन्होंने कहा, हां, यह अच्छी चीज है क्योंकि उन्होंने अश्वस्ट्रेलिया में रन नहीं बनाए। वह जानते हैं कि उन्हें क्रीज पर समय बिताने की जरूरत है। यह बड़े टूर्नामेंट से पहले जरूरी है कि आपके पास कितना नेट अभ्यास है या आपको कितने भी थ्रोडाउन का सामना करना पड़ता है। एक मैच में बल्लेबाजी के दौरान बल्ले के बीच में गेंद को महसूस करना और यह जानना कि एक गलती आपको वापस पवेलियन भेज सकती है। इसके बावजूद रन बनाना बड़ी बात है। मुंबई की टीम एलीट ग्रुप ए में बड़ौदा और जम्मू कश्मीर के बाद तीसरे स्थान पर है। अजिंक्य रहाणे की अगुआई वाली टीम को अगर आगे बढ़ना है और अपने रणजी खिताब का बचाव करना है तो उन्हें अच्छा खेल दिखवाना होगा।

## रणजी ट्राफी में वापसी पर फेल हुए रोहित | गिल–पंत भी रहे फ्लाप

**यशस्वी–अय्यर का बल्ला भी रहा खामोश**

### शुभमन गिल चार और पंत एक रन बनाकर आउट हुए

चैंपियंस ट्रॉफी में रोहित के साथ शुभमन गिल ओपनिंग करते दिख सकते हैं। रणजी ट्रॉफी में रोहित और यशस्वी के अलावा ऋषभ पंत और शुभमन गिल भी खेलते दिखेंगे। पंत दिल्ली की टीम का और गिल पंजाब की टीम का हिस्सा हैं। कर्नाटक के खिलाफ पंजाब के मैच में कप्तान शुभमन गिल महज चार रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने आठ गेंद का सामना किया और एक चौका लगाया। वहीं, दिल्ली और सौराष्ट्र के मैच में पंत महज एक रन बनाकर पवेलियन लौटे। पंत भी चौंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम का हिस्सा हैं। पंत 10 गेंद पर एक रन बना सके। उन्हें धर्मेंद्र सिंह जडेजा ने प्रेरक मांकड़ के हाथों कैच कराया। हालांकि, इस मैच में सौराष्ट्र के रवींद्र जडेजा जरूर चमके और अब तक दिल्ली के दो विकेट ले चुके हैं। रवींद्र जडेजा ने सनत सांगवान और यश ढुल को आउट किया।

दी नेक्स्ट पोस्ट

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक बृजेन्द्र कुमार द्वारा फाइन ऑफसेट प्रिन्टर्स मदरसा हुसैनिया बिल्डिंग बक्सीपुर गोरखपुर से मुद्रित एवं 665 बी गंगा टोला, निकट जानकी बिल्डिंग मैटेरियल बसारतपुर पश्चिमी, गोरखपुर से प्रकाशित। पिनः– 273003

Tital code: UPHIN51019

बृजेन्द्र कुमार
मो0. नं0. 7307180148,9170772370
Email- thenextpost01@gmail.com

नोटः– समाचार पत्र से सम्बन्धित सभी वाद–विवाद गोरखपुर जिला न्यायालय के अन्तर्गत मान्य होगे।